अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 14 अंक 297 | लखनऊ, शुक्रवार, 16 मई 2025 | पृष्ठ: 8 | मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### तुर्किए की कंपनी का भारत में सिक्योरिटी क्लियरेंस रद्द

नई दिल्ली। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की जवाबी सैन्य कार्रवाई में उसकी मदद करने वाले तुर्किए के खिलाफ एक और सख्त कदम उठाते हुए गुरूवार को उसकी कंपनी सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सिक्योरिटी क्लियरेंस रद्द कर दी। नागर विमानन मंत्रालय ने एक आदेश जारी कर कहा कि ग्राउंड हैंडिलिंग एजेन्सी श्रेणी में सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का सिक्योरिटी क्लियरेंस तत्काल प्रभाव से रद्द किया जा रहा है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशक ने कहा है कि यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों को देखते हुए उठाया गया है। यह कंपनी दिल्ली और मुंबई हवाई अड्डों पर काम कर रही थी।

### रक्षा मंत्रालय ने भागीदारी मोड के तहत नए सैनिक स्कूलों के लिए पंजीकरण पोर्टल खोला

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने भागीदारी मोड के तहत नए सैनिक स्कूलों के पंजीकरण के चौथे दौर के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोल दिया है। मंत्रालय ने गुरूवार को बताया कि सैनिक स्कूल सोसाइटी के तहत राज्य सरकार, एनजीओ और निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने की सरकार की पहल के तहत पात्र और इच्छुक आवेदक स्कूलों के पंजीकरण के लिए आज से 14 जून तक ऑनलाइन वेब पोर्टल खोला है। इच्छुक स्कूल, न्यास और गैर सरकारी संगठन आदि पंजीकरण के लिए वेब पोर्टल पर जाकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

### 48 घंटों के भीतर दो मुठभेड़ में छह आतंकवादी ढेर

पुलवामा। पुलवामा के उपजिला अवंतीपोरा के त्राल इलाके के नादर में गुरुवार को आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के तीन आतंकवादी मारे गए हैं। मारे गए तीनों आतंकवादी जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के निवासी हैं। क्षेत्र में फिलहाल तलाशी अभियान जारी है। केंद्र शासित प्रदेश में 48 घंटों के भीतर दो मुठभेड़ में छह आतंकवादियों को मार गिराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए तीनों आतंकवादियों की पहचान पुलवामा जिले के निवासी आसिफ अहमद शेख, आमिर नजीर वानी और यावर अहमद भट के रूप में हुई है। श्रीनगर स्थित सेना की 15वीं कोर के मुताबिक 15 मई को अंतरराष्ट्रीय एजेंसी से विशेष खुफिया इनपुट के आधार पर भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने त्राल के नादर में घेराबंदी करते हुए तलाशी अभियान शुरू किया था।

# वक्फ पर 20 को सुनवाई

● सुप्रीम कोर्ट 1995 के प्रावधानों के स्थगन याचिका पर नहीं करेगा विचार

एजेंसी



नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतरिम राहत पर विचार करने के मसले पर गुरुवार को कहा कि वह इस मामले में 20 मई को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अगली तारीख मुकर्रर करते हुए यह भी स्पष्ट किया कि वह 1995 के वक्फ कानून के प्रावधानों को स्थगित करने की किसी भी याचिका पर उस दिन विचार नहीं करेगी। पीठ ने कहा कि अदालत अधिनियम के प्रावधानों को स्थगित करने वाले अंतरिम आदेश के पक्ष और विपक्ष में पूरे दिन दलीलें सुनेगी।

कानून की वैधता को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और केंद्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता अदालत को अगले सप्ताह सुनवाई करने का सुझाव दिया। दोनों वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने कहा कि सुनवाई अगले सप्ताह 20 मई के लिए तय की जा सकती है। इस बीच न्यायाधीशों को इस मामले के कागजात देखने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। इसके बाद पीठ ने श्री सिब्बल और श्री मेहता से कहा कि वे 19 मई तक अपने-अपने लिखित नोट अदालत के समक्ष दाखिल कर दें।

पीठ के समक्ष एक अन्य पक्ष की ओर से पेश अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने इससे पहले उन्होंने वक्फ अधिनियम 1995 के प्रावधानों को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा कि नई याचिका में उनके मुवक्किलों ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती दी है। उनके मुवक्किल वक्फ अधिनियम 1995 के कुछ प्रावधानों से भी दुखी हैं, जिसे 2025 में संशोधित किया गया है। श्री जैन ने पीठ से अनुरोध किया कि उन्हें दलीलें पेश करने के लिए 30 मिनट का समय दिया जाए। इस पर पीठ ने श्री जैन से पूछा कि आपकी शिकायत क्या है? उन्होंने वक्फ न्यायाधिकरण को असंवैधानिक बताते हुए कहा कि यह अभी भी मौजूद है और कई अन्य धाराएं हैं जो कठोर हैं और वे अभी भी कानून में मौजूद हैं। शीर्ष अदालत ने अधिवक्ता जैन से पूछा, ल्लवे कब से अस्तित्व में हैं। इस पर अधिवक्ता जैन ने कहा कि 1995 से और 2025 में भी। पीठ ने कहा, यदि वे 1995 से अस्तित्व में हैं और उन्हें चुनौती नहीं दी गई है... और यदि उन्हें चुनौती दी गई थी तो कब दी गयी। इस पर अधिवक्ता ने कहा कि 1995 के अधिनियम को पहले भी चुनौती दी गई थी। शीर्ष अदालत ने उन्हें उच्च न्यायालय में जाने को कहा था। इन दलीलों के साथ उन्होंने कहा, ल्लहमने 140 याचिकाएँ दायर की हैं जो विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित हैं और अब हमने वर्तमान रिट याचिका दायर की है, जो एक नया मामला है...। इसके बाद पीठ ने पूछा कि न्यायालय 2025 में 1995 के अधिनियम को चुनौती देने की अनुमति कैसे दे सकता है। जब न्यायालय 20 मई को मामले पर सुनवाई करेगा, तो वह 1995 के पहले के वक्फ कानून के प्रावधानों पर रोक लगाने की किसी भी याचिका पर विचार नहीं करेगा।

# पाकिस्तान के एटम बमों को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्ज़ा एजेंसी अपनी निगरानी में ले : राजनाथ

● पाकिस्तान को फिर दी चेतावनी-आतंकवादी संगठनों को पनाह देना बंद करे

एजेंसी



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को पूरी दुनिया के सामने सवाल उठाया कि क्या परमाणु हथियार पाकिस्तान के हाथों में सुरक्षित हैं? उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के परमाणु बमों को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्ज़ा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में लिया जाना चाहिए। उसने पहलगाम में आतंकवादी घटना से भारत के माथे पर चोट पहुंचा कर भारत की सामाजिक एकता को तोड़ने का प्रयास किया। उसने भारत के माथे पर वार किया, तो हमने उनकी छाती पर घाव दिए हैं। पाकिस्तान के जख्मों का इलाज इसी बात में है कि वह आतंकवादी संगठनों को पनाह देना बंद करे, भारत के खिलाफ अपनी जमीन का इस्तेमाल न होने दे। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन 'सिंदूर' के स्थगित होने के बाद रक्षा मंत्री का यह पहला श्रीनगर दौरा है। वे ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान हुई सैन्य कार्रवाई पर सैनिकों के प्रति आभार जताने यहां पहुंचे हैं।

# ट्रम्प ने कहा था भारत-पाकिस्तान तनाव सुलझाया, अब बयान से मुकरे

एजेंसी

दोहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आज स्वीकार किया कि भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष रुकवाने में उनकी भूमिका केवल मददगार की थी, उन्होंने संघर्ष नहीं रुकवाया है। ट्रम्प का आज का यह बयान उनके पिछले दावों से अलग है, जिसमें वे संघर्ष विराम का श्रेय लेने का प्रयास कर रहे थे। पिछले चार दिनों से लगातार राष्ट्रपति ट्रम्प अलग-अलग मंचों से इस बात को दोहरा रहे थे कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को शांत करने में अहम भूमिका निभाई। आज ट्रम्प ने कहा कि अगर स्थिति नहीं संभाली जाती, तो 'एक अलग तरह की मिसाइलें' चल सकती थीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके प्रयासों से यह संकट टल गया और दोनों देशों ने व्यापार की दिशा में सोचने की पहल की।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने आज कतर के अल उदीद एयर बेस पर अमेरिकी सैनिकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कहना चाहता कि मैंने ऐसा किया, लेकिन मैंने पिछले सप्ताह पाकिस्तान और भारत के बीच समस्या को सुलझाने में निश्चित रूप से मदद की, जो अधिक से अधिक शत्रुतापूर्ण होती जा रही थी और अचानक आपको एक अलग प्रकार की मिसाइलें दिखाई देने लगीं और हमने इसे सुलझा लिया।

उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि मैं यहां से बाहर निकलूं और दो दिन बाद यह न सुनूं कि मामला फिर बिगड़ गया है... लेकिन मुझे लगता है कि अब मामला सुलझ गया है।ङ्क उन्होंने यह भी कहा, ल्लमैं कुछ भी सुलझा सकता हूं३ पर यह मामला तो हज़ार साल से चल रहा है।

# उत्तर प्रदेश में हुए सड़क हादसे में 16 लोगों की मौत, कई घायल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लिए गुरुवार की सुबह का वक्त मार्ग दुर्घटनाओं से भरा रहा। इन सड़क हादसों में अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग घायल हैं। हरदोई में हुए दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई, वहीं बलरामपुर में शादी समारोह से लौट रहे कार सवार पांच लोगों की जान चली गई है। इससे पहले लखनऊ के किसान पथ पर लगी आग से बस में जिंदा जलकर पांच यात्रियों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसों में हुई लोगों की मृत्यु पर अपनी संवेदना प्रकट की है। साथ ही घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

हरदोई जिले के कासिमपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर हरदलमऊ गांव के पास ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। इससे ऑटो पलट गया, जिसकी नीचे दबकर ऑटो सवार छह लोगों की मौत हो गई। तीन लोग घायल हो गये, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आज सुबह साढ़े नौ बजे हुए दुर्घटना में छह लोगों की मौत हुई है। इनमें चार पुरूष और दो महिलाएं शामिल हैं। अभी मृतकों में आटो चालक रंजीत मलहन खेड़ा निवासी अरविंद की पहचान हुई है। शेष की शिनाख्त की जा रही है। तीन लोग घायल है, जिसमे एक बच्चे की हालत नाजुक है।

ट्रक चालक फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

दूसरा हादसा बलरामपुर कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत चकवा चौकी के पास बुधवार की देर रात करीब दो बजे के आसपास हुआ। ट्रक ने सामने से आ रही कार को रौंद दिया। हादसे में कार में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

मृतकों में गोंडा के धानेपुर क्षेत्र के बेलवार मोहल्ला निवासी फूलबाबू (35), शिव कुमार (22), आदित्य (07), इटियाथोक मध्य नगर निवासी विजय कुमार (35) और प्रयागराज के हडिया निवासी जितेंद्र (40) शामिल है। घायलों में धानेपुर क्षेत्र के राघवराम, सीताराम, महक, विकास कुमार, किशोर कुमार, विनोद कुमार, गोपाल, वाहन चालक प्रयागराज के हडिया निवासी अजय कुमार हैं। पुलिस के मुताबिक, श्रावस्ती जिले के इकौना थाना क्षेत्र में एक बारात में शामिल होने के लिए गोंडा से सभी लोग गये थे। वहां से वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक फरार हो गया है। तीसरा हादसा गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे लखनऊ के किसान पथ पर मोहनलाल गंज के पास हुआ। बिहार के बेगुसराय से नई दिल्ली जा रही प्राइवेट स्लीपर बस (यूपी-17 एटीए 6372) में गुरुवार सुबह लखनऊ के किसान पथ पर आग लग गई। इसमें जलकर पांच लोगों की मौत हो गई। बस में जैसे ही आग लगी तो चालक और कंडक्टर बस से उतरकर भाग गये थे। सभी शवों की शिनाख्त कर ली गई है। मृतकों में अशोक मेहता की पत्नी लक्खी देवी (55) उनकी बेटी सोनी (26), मधुसूदन (21) और दो बच्चे रामलाल के बेटे देवराज (03) व साक्षी (02) शामिल हैं। एक व्यक्ति को हल्की चोट आयी है। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

# यूपी कैबिनेट : बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनेगा यूपी

● योगी सरकार ने सीड पार्क स्थापना को दी मंजूरी

● प्रदेश में पांच सीड पार्क स्थापित होंगे, ग्रामीण रोजगार व कृषि अर्थव्यवस्था को मिलेगा नया आयाम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य को बीज उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश में पांच सीड पार्कों की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के नाम पर स्थापित किए जाने वाले सीड पार्क को प्रदेश के 5 क्लाइमेटिक जोन में चरणबद्ध तरीके से स्थापित किया जाएगा। प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना के तहत पहले सीड पार्क की स्थापना लखनऊ जिले के अटारी स्थित राजकीय कृषि प्रक्षेत्र की 130.63 एकड़ भूमि पर की जाएगी, जिस पर 266.70 करोड़ रुपये का अनुमानित व्यय होगा। सीड पार्क के माध्यम से बीज उत्पादन, प्रोसेसिंग, भंडारण, स्पीड ब्रीडिंग व हाइब्रिड लैब जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, पश्चिमी, तराई, मध्य, बुंदेलखंड एवं पूर्वी जोन में कृषि जलवायु क्षेत्रों के अनुरूप सीड पार्क स्थापित किए जाएंगे। गुरुवार को लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ बैठक में कुल 10 प्रस्तावों को अनुमोदन प्राप्त हुआ। प्रस्ताव के विषय में जानकारी देते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि सरकार इन सीड पार्कों में निवेश करने वाले बीज व्यवसायियों को विभिन्न रियायतें प्रदान करेगी, ताकि निजी निवेश को बढ़ावा मिल सके। बीज उद्योगों को 30 वर्ष की लीज पर भूमि दी जाएगी, जिसे आवश्यकता अनुसार 90 वर्षों तक बढ़ाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि एक सीड पार्क से लगभग 1200 लोगों को प्रत्यक्ष तथा 3000 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। इसके साथ ही लगभग 40,000 बीज उत्पादक किसान इन पार्कों से सीधे तौर पर जुड़ेंगे। पूरे प्रदेश में पांच सीड पार्कों की स्थापना से 6000 प्रत्यक्ष एवं 15,000 अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर सृजित होंगे।

# यूपी के सभी जिलों में होगी सिविल डिफेंस की व्यवस्था

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




लखनऊ। आतंरिक सुरक्षा तंत्र को और मजबूत करने के प्रयास के तहत उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के सभी 75 जिलों में सिविल डिफेंस व्यवस्था को स्थापित करने का निर्णय लिया है। वर्तमान में केवल 15 जिलों में यह व्यवस्था कार्यरत है, लेकिन अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शेष 60 जिलों में भी इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। गौरतलब है कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक केंद्र सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर सतर्क है। इसी दिशा में योगी सरकार ने सिविल डिफेंस को प्रदेश की सुरक्षा रणनीति का अभिन्न हिस्सा बनाने का फैसला किया है। इसका उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और संकट के समय प्रभावी राहत कार्यों को अंजाम देना है। प्रदेश भर में सिविल डिफेंस की व्यवस्था के लागू होने से न सिर्फ स्थानीय स्तर पर सुरक्षा तंत्र मजबूत होगा, बल्कि बड़ी संख्या में युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। सिविल डिफेंस के तहत स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, और राहत कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो संकटकाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सरकार ने इस दिशा में कार्ययोजना तैयार कर ली है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी जिलों में सिविल डिफेंस की स्थापना के लिए संसाधनों और प्रशिक्षण केंद्रों की व्यवस्था की जाए।

# योगी सरकार के प्रयास से मातृ मृत्यु दर में आई गिरावट

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● सैंपल रजिस्ट्रेशन सर्वे 2019-21 की रिपोर्ट जारी, यूपी में मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी दर्ज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मातृत्व स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में चल रहे निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। सैंपल रजिस्ट्रेशन सर्वे 2019- 21 के अनुसार प्रदेश में मातृ मृत्यु दर 151 है जो कि एसआरएस 2018- 20 में 167 थी। इसके साथ ही नवजात मृत्यु दर (एनएनएमआर) में भी दो अंकों की और शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) में एक अंक की कमी आई है। महापंजीयक द्वारा हाल ही में जारी की गई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है।

सैपंल रजिस्ट्रेशन सर्वे की यह रिपोर्ट प्रत्येक दो साल के अंतराल पर जारी की जाती है, कोरोना महामारी के व्यवधान के कारण वर्ष 2019-21 की रिपोर्ट 07 मई को जारी की गई है, जिसमें उत्तर प्रदेश के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में मातृ और शिशु स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार के लिये विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। जिसके चलते प्रदेश में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। महापंजीयन द्वारा जारी की गई सैंपल सर्वे 2019-21 की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में मातृ मृत्यु दर वर्ष 2018-20 में 167 की तुलना में कम हो कर 2019-21 में 151 हो गई है। साथ ही नवजात मृत्य दर वर्ष 2020 में 28 से घटकर वर्ष 2021 में 26 रह गया है, जबकि शिशु मृत्यु दर वर्ष 2020 में 38 से घटकर वर्ष 2021 में 37 रह गई हैम इसके अलावा प्रदेश का लिंगानुपात भी पहले से बढ़कर 912 हो गया है, जो वर्ष 2020 में यह 908 था।

# समूचे आतंकी ढांचे के खात्मे तक सिंधु जलसंधि पर रोक रहेगी : जयशंकर

एजेंसी



● पाकिस्तान के साथ संबंध और बातचीत दोनों हमेशा रहेंगे द्विपक्षीय: जयशंकर

नई दिल्ली। भारत ने आज दो टूक शब्दों में कहा कि सिंधु जल संधि पर रोक तभी हटाने पर विचार किया जाएगा लेकर आतंकवाद के ढांचे के समूल एवं स्थायी विनाश किया जाएगा और जम्मू कश्मीर पर सिर्फ पाकिस्तान के अवैध कब्जे को खाली कराने को लेकर बात होगी।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने यहां होंडुरास के नये दूतावास का उद्घाटन के अवसर मीडिया से बातचीत में कहा, ल्लहमारे लिए यह बहुत अच्छी बात है कि हमारे पास होंडुरास का नया दूतावास है। होंडुरास उन देशों में से एक है जिन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के समय मजबूत एकजुटता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषियों की जवाबदेही तय करने के हमारे पक्ष को वास्तव में बहुत अधिक अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिला। हमारे पक्ष में एक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) प्रस्ताव था जिसमें कहा गया था कि अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और 7 मई को उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जवाबदेह ठहराया गया। एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध और व्यवहार पूरी तरह से द्विपक्षीय होंगे। यह वर्षों से राष्ट्रीय सहमति है, और इसमें बिल्कुल भी बदलाव नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल आतंकवाद पर होगी। पाकिस्तान के पास आतंकवादियों की एक सूची है जिसके आधार पर आतंकवादियों को पकड़ कर हमें सौंपने और आतंकवादियों के बुनियादी ढांचे को बंद करने की आवश्यकता है। वे जानते हैं कि उन्हें क्या करना है। हम उनके साथ आतंकवाद के बारे में चर्चा करने के लिए तैयार हैं। ये वे वार्ताएँ हैं जो संभव हैं। सिंधु जल संधि पर पुनर्विचार करने के पाकिस्तान के अनुरोध के बारे में पूछे जाने पर डॉ. जयशंकर ने कहा, ल्लसिंधु जल संधि पर रोक है और तब तक रोक जारी रहेगी जब तक पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से नहीं रोका जाता। कश्मीर पर चर्चा के लिए केवल एक ही बात बची है, वह है पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना। हम इस चर्चा के लिए तैयार हैं। अमेरिका के साथ टैरिफ संबंधी मुद्दों के बारे में चर्चा करने पर विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता चल रही है। ये जटिल वार्ताएं हैं। जब तक सब कुछ तय नहीं हो जाता, तब तक कुछ भी तय नहीं होता। कोई भी व्यापार सौदा परस्पर लाभकारी होना चाहिए और इसे दोनों देशों के लिए कारगर होना चाहिए। व्यापार सौदे से हमारी यही अपेक्षा होगी। जब तक ऐसा नहीं हो जाता, इस पर कोई भी निर्णय लेना जल्दबाजी होगी।

भारत और पाकिस्तान के बीच गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के बारे में एक सवाल पर डॉ. जयशंकर ने कहा कि यह स्पष्ट है कि गोलीबारी बंद करना कौन चाहता था। उन्होंने कहा कि हमने आतंकवादी ढांचे को नष्ट करके जो लक्ष्य निर्धारित किए थे, उन्हें हासिल कर लिया गया था।

# बाढ़ की आशंका से पहले पीड़ित व्यक्तियों तक राहत पहुँचाने तैयारी रखी जाये: डीएम

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि वर्षा ऋृतु में प्रदेश के बहुत से क्षेत्र बाढ़/अतिवृष्टि से प्रभावित होते है, जिसके कारण जन.जीवन प्रभावित होने के साथ.साथ फसलें व अन्य सम्पतियों की भी भारी क्षति होती है। जनपद हरदोई में कई नादियाँ प्रवाहित होती हैं। विगत वर्षों के अनुभवों के आधार पर बाढ़/अतिवृष्टि की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका के दृष्टिगत पीड़ित व्यक्तियों की अविलम्ब राहत पहुँचाने हेतु पहले से ही तैयारी रखना आवश्यक होता है। आपदा निवारण में खाद्य तथा रसद विभाग को अपनी भूमिका निभाते हुये खाद्यान्न तथा अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं की व्यवस्था करनी होती है। चूँकि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत पात्र गृहस्थी एवं अन्त्योदय योजना के लाभार्थियों हेतु आवंटित खाद्यान्न, चीनी का प्रयोग सार्वजनिक निवारण प्रणाली के अन्तर्गत वितरण के अतिरिक्त बाढ़ के उपयोग हेतु नही किये जाने के निर्देश हैं। उन्होंने बताया कि जन सामान्य को आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु उत्तरदायी विभागों द्वारा प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी किन्तु आकस्मिकता की स्थिति में किसी ग्राम/ क्षेत्र विशेष में कई रोजमर्रा की वस्तुयें उपलब्ध हो सके, इस हेतु प्रत्येक उचित दर विक्रेता के स्तर पर अपनी दुकानों पर नमकए माचिसए मोमबत्तीए व अन्य अनुमन्य वस्तुयें निर्धारित मात्रा के अनुसार उपलब्ध/आरक्षित रखेगा।

उन्होने जिला पूर्ति अधिकारी से कहा कि समस्त क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी तथा पूर्ति निरीक्षक को आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित करना सुनिश्चित करें और इसी प्रकार जनपद के पेट्रोल पम्पों पर पट्रोल व डीजल एवं एल0पी0जी गैस वितरको के यहाँ एल0पी0जी0 की आवश्यकता मात्रा का रिजर्व स्टॉक रखवाना सुनिश्चित करें।

इसी क्रम में जिलाधिकारी ने बताया है कि वर्षा ऋतु में प्रदेश के बहुत से क्षेत्र बाढ़/अतिवृष्टि से प्रभावित होते है, जिसके कारण जन-जीवन प्रभावित होने के साथ-साथ फसलें व अन्य सम्पतियों की भी भारी क्षति होती है। जनपद हरदोई में कई नादियों प्रवाहित होती है। विगत वर्षों के अनुभवों के आधार पर बाढ़/अतिवृष्टि की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका के दृष्टिगत पीड़ित व्यक्तियों को अविलम्ब राहत पहुँचाने हेतु पहले से ही तैयारी रखना आवश्यक होता है। आपदा निवारण में खाद्य तथा रसद विभाग को अपनी भूमिका निभाते हुये खाद्यान्न तथा अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं की व्यवस्था करनी होती है। चूँकि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत पात्र गृहस्थी एवं अन्त्योदय योजना के लाभार्थियों हेतु आवंटित खाद्यान्न, चीनी का प्रयोग सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत वितरण के अतिरिक्त बाढ़ के उपयोग हेतु नहीं किये जाने के निर्देश हैं। अत: ऐसी स्थिति में यथावश्यकता व्यापारिक संगठनो व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से समन्वय स्थापित करते हुये आवश्यक वस्तुयें जैसे-आटा, मोमबत्ती, चना, दालें, माचिस, नमक, आलू, प्याज इत्यादि की व्यवस्था सम्बन्धित विभागों के सहयोग से सुनिश्चित करायी जायेगी, ताकि आवश्यकता पड़ने पर जन सामान्य को आवश्यक वस्तुयें तत्काल उपलब्ध हो सकें। जिलाधिकारी ने जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी को निर्देशित किया है कि स्थानीय व्यापारिक संगठनो, राइस मिलर्स, फ्लोर मिलर्सए बड़ी चक्कियों तथा खाद्य तेल मिलों से जनपद की आवश्यकता का आंकलन करते हुये वांछित आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त आरक्षित स्टॉक रखवाना सुनिश्चित करेंए जिसकी सूचना स्थलवार पूर्ण विवरण के साथ प्रभारी अधिकारी बाढ़ /आपदा, हरदोई तथा कन्ट्रोल रूम को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। आरक्षण के सापेक्ष अथवा अन्यथा उपलब्ध कराई जाने वाली आवश्यक वस्तुओं के मूल्य का भुगतान नियमानुसार सुसंगत मद से सुनिश्चित किया जायेगा। सभी आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता इस प्रकार सुनिश्चित की जायेगी कि किसी भी ग्राम/क्षेत्र विशेष में आवश्यकता पड़ने पर तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित करायी जा सके।

# गुमशुदा मोबाइल फोन पाकर आवेदको में खुशी में की लहर





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** जब किसी का फोन गिर जाता है तो वह यह मान लेता है कि अब उसे वह मोबाइल नही मिल पायेगा लेकिन सर्विलांस सेल हरदोई द्वारा जनपद के बिभिन्न थानो से गुमशुदा मोबाइल फोन के प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर कार्यवाही करते हुए विगत 03 माह में 100 गुमशुदा मोबाइल फोन (कीमत लगभग 20 लाख रुपये) को बरामद किया गए है पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने पुलिस कार्यालय मे सर्विलांस सेल द्वारा बरामद किए गए 100 मोबाइल फोन को उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। मोबाइल मिलने पर आवेदकों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हरदोई पुलिस की भूरि.भूरि प्रशंसा की गई।

## पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक सम्पन्न, स्वास्थ्य शिविर व पेंशन खातों को लेकर उठीं मांगें





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आज पेंशनर सभागार, कोषागार परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एस०पी० सिंह ने की तथा संचालन जिला मंत्री एस०के० मिश्र ने किया। बैठक में स्वास्थ्य, बैंकिंग और प्रशासनिक विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए पेंशनरों की सुविधाओं को लेकर कई अहम प्रस्ताव पारित किए गए।

बैठक में यह मांग प्रमुखता से उठाई गई कि पेंशनरों के लिए पीएचसी एवं जिला मुख्यालय स्तर पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर हेल्थ कार्ड बनाए जाएं ताकि वे आयुष्मान भारत योजना जैसी स्वास्थ्य सेवाओं का समुचित लाभ उठा सकें। इसके साथ ही पेंशनरों के बचत खातों को पेंशन खातों में परिवर्तित किए जाने की प्रक्रिया को सरल बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि एसोसिएशन की सदस्यता बढ़ाने हेतु विशेषअभियान चलाया जाएगा। वहीं, पेंशनरों के क्षतिपूर्ति बिलों को किसी भी स्तर पर अनावश्यक रूप से रोके जाने पर चिंता जताई गई और प्रशासन से ऐसे मामलों में शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। सदस्यों ने इस बात पर भी जोर दिया कि सभी पेंशनर अपने बैंक खातों को अपडेट रखें ताकि हर माह पेंशन प्राप्ति में किसी प्रकार की बाधा न आए। बैठक में गजेन्द्रपाल सिंह, राजेन्द्र कुमार सिंह, डॉ० एस०के० सिंह, एन०के० मिश्र, वी०के० सिंह, डॉ० वी.के. गुप्ता, चन्द्रशेखर गुप्ता, राजकुमार मिश्र, चेतराम दोहरे, आर.के. वर्मा, आनन्द प्रकाश, राजेश यादव सहित अनेक पेंशनर सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष एस पी सिंह व मंत्री श्रवण कुमार मिश्र ने सभी सदस्यों का आभार जताया और पेंशनरों की समस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

## प्रधानाध्यापकों को मिला सम्मान, 8 शिक्षामित्रों को भी किया गया सम्मानित

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** आयोजित निपुण विद्यालय सम्मान समारोह में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए 62 प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी राजेश वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। खंड के कुल 130 प्राथमिक विद्यालयों में से 62 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निपुण लक्ष्य की दिशा में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र दिए गए। विशेष योगदान के लिए 8 शिक्षामित्रों को भी सम्मानित किया गया। डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा निपुण लक्ष्य एप पर कक्षा 1 व 2 के बच्चों के आकलन के आधार पर यह चयन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने अन्य विद्यालयों को इन सम्मानित प्रधानाध्यापकों से सीख लेने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षकों को खेल और मनोरंजन के माध्यम से शिक्षण कार्य करने का सुझाव दिया। इससे बच्चों की पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी और उनका ध्यान अध्ययन पर केंद्रित होगा। राजेश वर्मा ने ब्लैक बोर्ड के प्रभावी उपयोग और बालमैत्री वातावरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत इच्छाशक्ति और समर्पण से हर विद्यालय निपुण लक्ष्य प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम में मनोज मिश्रा, सरोज भदौरिया, राममनोहर मिश्रा, अवधेश मिश्रा, गजेन्द्र कुमार, सर्वेन्द्र कुमार, संजीव कुमार और वीरपाल सिंह कठेरिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बावन नगर इकाई का हुआ पुनर्गठन

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बावन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बावन नगर इकाई का पुनर्गठन हुआ जिसमे नगर अध्यक्ष रघुवीर सिंह तथा नगर मंत्री रामजी शुक्ला को बनाया गया यह पुनर्गठन प्रांत कार्य कारणी सदस्य पुनीत सिंह की उपस्थिति मैं सम्पन हुआ पुनीत सिंह ने कार्य कर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद देश का ही नही विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से निकले हुऐ लोग राजनीत मैं ही नहीं अन्य क्षेत्रों में अपना परचम लहरा रहे है इंडिया टीवी के प्रधान संपादक रजत शर्मा जी अपने छात्र जीवन में विद्यार्थी परिषद से जुड़े और उन्होंने संघर्षों से लड़ना सिखा और मीडिया जगत मैं अपना परचम लहराया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आज से ही नही सन 1949 छात्र हित के लिए कार्य कर रहा है पुर्नगठन में नगर उपाध्यक्ष डॉ प्रतीक द्विवेदीए नवल किशोर, नवनीत कुमार नगर सह मंत्री अजीत शुक्लाए अखिल सिंह तथा अंतिम शुक्ला अतुल सिंह अमित यादव पूरी टीम का पुर्नगठन हुआ पुनीत सिंह ने सभी इकाई के सदस्यों का आभार जताया।

## भीषण गर्मी में सूखे तालाब-पोखरे, पानी को पशु पक्षी बेहाल

**कछौना ( हरदोई ) ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** विकासखंड कछौना के अंतर्गत परंपरागत आबादी मनरेगा अमृत सरोवर के तहत सैकड़ो तालाब स्थित है। तालाबों का उद्देश्य सिंचाई, जल संचयन, पशु पक्षियों को पानी की



उपलब्धता, मछली पालन, सिंघाड़ा, कमलगट्टा, भसैडा आदि के लिए उपयोगी है। भूजल सही रहता है। आसपास के किसानों के जीविकोपार्जन में सहायक हैं। विकास की दौड़ में धीरे-धीरे तालाबों का अस्तित्व संकट में है। आबादी क्षेत्र में स्थित तालाबों पर ग्रामीण कब्जा कर निर्माण कार्य कर रहे हैं। यह तालाब गांव के अंदर व गांव के आसपास स्थित होते हैं। यह अभिलेखों में तालाब दर्ज नहीं होते हैं। इसका फायदा भू-माफिया उठाते हैं। वही परंपरागत तालाबों में आवंटन मछली पालन, सिंघाड़ा डालने के लिए होते हैं। सिंघाड़ा डालने वाले ज्यादातर किसान दवा रासायनिक केमिकल का प्रयोग करते हैं, जिससे पानी जहरीला हो जाता है। जिससे पशु पक्षियों का जीवन प्रभावित होता है। वही गांव के समीप तालाबों में आबादी का पानी कूड़ा करकट प्लास्टिक सीधे तालाबों में जाता है। जिससे पानी प्रदूषित होता है। इस समय गर्मी के दिनों में पानी के बिना तालाब सूखे पड़े हैं। जिससे पालतू पशुओं व पक्षियों को पानी न मिलने के कारण जीवन संकट में है। खण्ड विकास अधिकारी कछौना महेश कुमार ने बताया नजदीकी माइनर, रजबहा, नहर से तालाबों में पानी भर लें। पंपिंग सेट से ग्राम प्रधान ग्राम निधि से अपनी विशेष स्थिति में तालाब में पानी भरवा लें।

## पति सहित चार के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई ) ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के उधरनपुर निवासी एक विवाहिता ने कोतवाली शाहाबाद पुलिस को तहरीर देकर पति सहित चार लोगों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम आंझी निवासी विवाहिता पारुल पुत्री पिंटू ने बताया 16 अप्रैल 25 को उसका विवाह हिंदू रीति रिवाज से कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उधरनपुर निवासी नीरज दीक्षित के पुत्र ऋषभ दीक्षित के साथ हुई थी।उसके पिता ने हैसियत मुताबिक दान दहेज दिया था।लेकिन विवाह के एक सप्ताह बाद ही उसके पतिए ससुरएननद कोमल और सास सुमन अतिरिक्त दहेज में अपाचे बाइकएसोने की चेन और अंगूठी की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे।विपक्षियों ने उसे भूखे रखने के लिए रसोई में ताला डालना शुरू कर दिया। 11 मई को रसोई में ताला पड़ा होने पर उसने सास और ननद से ताला खोलने को कहा तो विपक्षियों ने उसे गाली गलौज करते हुए लात घूंसों और डंडों से मारपीट कर पिता द्वारा दिया गया जेवर छीनकर घर से नंगे पैर निकाल दिया गया। गुरुवार को शाम 5रू00 बजे प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय ने बताया विवाहिता की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## किसान मसीहा स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत की 14वीं पुण्यतिथि मनाई गई



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरपालपुर ( हरदोई )।** भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक किसानों के मसीहा स्वर्गीय बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की चौदहवीं पुण्यतिथि जल जंगल जमीन व पर्यावरण बचाओ दिवस के रूप में मनाई गई।

भाकियू (टिकैत गुट) के जिला प्रभारी गवर्नर सिंह भगत ने गुरुवार को हरपालपुर आवास पर किसान मसीहा स्वर्गीय टिकैत के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा 1935 में मुजफ्फरनगर के सिसौली में जन्मे बाबा महेंद्र सिंह टिकैत जी ने पूरा जीवन किसानों के हित चिंतन में लगा दिया। बड़े.बड़े आंदोलन में पूरी दमदारी से लंबे समय तक टिक कर उन्होंने टिकैत नाम को सार्थक कर दिया। कई सरकारों के बड़े.बड़े नेताओं को उनके सामने झुकना पड़ा। किसी भी राजनीतिक दल के नेता को कभी अपने मंच पर नहीं आने दिया। स्वर्गीय टिकैत ने पूरे जीवन किसानों के हितों के लिए संघर्ष किया। संगठन के सभी कार्यकर्ता आज भी उनका अनुसरण कर रहे हैं। पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राजेश मिश्र, ज्ञानेंद्र सिंह, अश्वनी यादव, ओमप्रकाश राजपूत, प्रताप सिंह, रामलखन, आनंद मिश्र, भानू आदि रहे।

## ईश्वर कृपा से ही शिव महापुराण कथा सुनने को मिलती है: आचार्य

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद (हरदोई)।** ब्लॉक टोडरपुर के ग्राम वरखेरा में चल रहे श्री रुद्र महायज्ञ में गुरुवार को तृतीय दिवस के अवसर पर आचार्य घनश्याम शुक्ल ने शिव महापुराण के माध्यम से भक्तों को बताया कि ईश्वर की असीम कृपा होने पर ही मनुष्य को श्री शिव महापुराण श्रवण का अवसर प्राप्त होता है। इसलिए जो भक्त शिवपुराण के महात्म्य का श्रवण कर रहे उन पर भगवान की कृपा निश्चित है। उन्होंने महाशिव पुराण के वृत्तांत से बताया एक बार तपस्या के दौरान भगवान शंकर ने माता पार्वती की परीक्षा लेनी चाही। उन्होंने परीक्षा लेने के लिए सप्तऋषियों को पार्वती के पास भेजा। उन्होंने पार्वती के पास जाकर उसे यह समझाने का प्रयास किया कि शिव जी औघड़ए अमंगल वेषधारी और जटाधारी हैं और वे तुम्हारे लिए उपयुक्त वर नहीं हैं। उनके साथ विवाह करके तुम कभी सुखी नहीं रह सकती। साथ ही माता पार्वती से ध्यान छोड़ने के लिए कहा। लेकिन पार्वती अपने विचारों पर दृढ़ रहीं। उनकी दृढ़ता को देखकर सप्तऋषि अत्यन्त प्रसन्न हुए और उन्हें सफल मनोरथ होने का आशीर्वाद देकर शिव जी के पास लौट आए। पार्वती के दृढ़ निश्चय के कारण महादेव उन्हें पति के रूप में प्राप्त हुए।



कथा सुनाते आचार्य घनश्याम

इस दौरान रोहित सिंह, अशोक सिंह, कमलेश, आरती, पूजा, गीता आदि मौजूद रहे।

## अन्तरराष्ट्रीय परिवार दिवस पर बाल मित्र केंद्र कोतवाली कछौना में हुआ कार्यक्रम का आयोजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना ( हरदोई )।** समाधान अभियान और इंडिया पेस्टिसाइज लिमिटेड ने संयुक्त रूप से चुप्पी तोड़-हल्ला बोल' परियोजना के तहत अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस के अवसर पर कोतवाली कछौना के बाल मित्र केंद्र में अभिभावकों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को बाल यौन शोषण से बचाव, पॉक्सो एक्ट की जानकारी देना और बच्चों के साथ प्रभावी संवाद स्थापित करने के तरीकों से अवगत कराना था। अभिभावकों ने थाने का दौरा किया और बाल यौन शोषण से सुरक्षा व संबंधित कानूनों पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अभिभावकों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी और सराहनीय बताया, जिससे उन्हें बच्चों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदमों को समझने में मदद मिली। बाल मित्र केंद्र समन्वयक मृदुल अवस्थी ने बताया की समाधान अभियान और इंडिया पेस्टिसाइज लिमिटेड भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक अभिभावकों को जागरूक करने और बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## डंपर की टक्कर से ऑटो सवार 6 की मौत, 3 गंभीर घायल



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** दर्दनाक सड़क हादसे में छह लोगों की जान चली गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा कासिमपुर क्षेत्र के हरदलमऊ गांव के पास उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार डंपर ने सामने से आ रहे ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग इधर.उधर बिखर गए। हादसे में मृतकों की पहचान अंकित (20) पुत्र राम सिंह, अरविंद कुमार (20) पुत्र नंदीलाल, रंजीत (27) पुत्र लालता प्रसाद, फूल जहां (24) पत्नी सिराज, निसार अहमद पुत्र जहीर हसन और एक अन्य महिला के रूप में हुई है।

हादसे में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनमें एक को प्राथमिक इलाज के लिए सीएचसी संडीला में भर्ती कराया गया। जबकि दो अन्य को हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए संडीला सीएचसी भेज दिया। पुलिस एक अन्य महिला की शिनाख्त में जुटी हुई है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है और मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी नीरज कुमार जादौन स्वयं मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एसपी ने पीड़ित परिवारों को न्याय का भरोसा दिलाते हुए कहा कि घटना में शामिल डंपर चालक को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा और उस पर कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## कार चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई ) ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम दुलारपुर तिराहे पर बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल कर देने के मामले में पुलिस ने घायल के पिता की तहरीर के आधार पर ईको चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम अचौली मजरा दुलारपुर निवासी श्याम बिहारी पुत्र मिट्ठू के अनुसार उसका पुत्र सौरभ 6 मई को अपनी बाइक संख्या यूपी 30 बीएच 2237 से जगदीश पुर से वापस घर आ रहा था। रास्ते में दुलारपुर तिराहे के निकट ईको कार संख्या यूपी 30 बीयू 5623 के चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसका पुत्र घायल हो गया। जिसे राहगीरों ने 108 एंबुलेंस से पीएचसी बावन भेजा जहां से हालत खराब होने पर उसके पुत्र को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी इको चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में लहराया परचम




**कछौना ( हरदोई ) ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कस्बे में सुठेना रोड स्थित सीबीएसई बोर्ड से संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (पूर्ववर्ती नाम-राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज) के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025 में इस बार शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 12वीं में विवेक कुमार ने 81: अंकों के साथ स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर शगुन पाण्डेय रहे जिन्होंने 80 प्रतिशत अंक अर्जित किये और 77प्रतिशत अंक पाकर तीसरे स्थान अमन गौतम रहे। अंकित ने 75प्रतिशत और अरविन्द कुमार ने 74 प्रतिशत अंक अर्जित किए। कक्षा 10वीं में उपनेश ने 88 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया, दूसरे स्थान पर अंशू राज 79 प्रतिशत, तीसरे स्थान पर आर्यन चौरसिया 75 प्रतिशत एवं अरुण कुमार ने 71 प्रतिशत अंक अर्जित किये। विद्यालय के उत्तीर्ण छात्रों ने अच्छे परिणाम का श्रेय अपने होनहार गुरुजनों को दिया जिन्होंने पढ़ाई को लेकर अत्यंत कठिन परिश्रम किया। उन्होंने अपने गुरुजनों का ह्रदय से आभार व्यक्त किया।

## दुकान के ताले काट कर चोरों ने किया हाथ साफ

**शाहाबाद ( हरदोई ) ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली के मोहल्ला उधरनपुर में चोरों ने बुधवार गुरुवार की मध्य रात्रि तकरीबन 2:00 बजे दो दुकानों को अपना निशाना बनाया। दोनों दुकानों के ताले काटकर चोरों ने नगदी सहित 20,000 का सामान चोरी कर लिया और आराम से चलते बने। जबकि पुलिस चौकी चंद कदम की दूरी पर हैए और दस मीटर की दूरी पर चौकीदार चौकीदारी करते रहे। दुकानदारों का आरोप है पुलिस अब तक एक दर्जन से अधिक हो चुकी चोरी की घटनाओं में एक भी घटना का खुलासा नहीं कर पाई है। चोरों ने मिठाई विक्रेता मनोज मिश्रा की दुकान के ताले काटे और दो सिलेंडर, 2000 की नगदी सहित लगभग 10 हजार का सामान चोरी कर लियाए जबकि इस दुकान से 10 मीटर की दूरी पर चौकीदार चौकीदारी करते रहे। उसके बाद चोरों ने दुर्गेश अग्निहोत्री के जनरल स्टोर के ताले काटने के बाद चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर यहां से कोल्ड ड्रिंक की दो पेटियांए किशोर पुडिया के पैकेट और अन्य सामान चोरी कर ले गए। दुर्गेश अग्निहोत्री ने आरोप लगाया कि यहां अब तक एक दर्जन से अधिक चोरियां हो चुकी हैं लेकिन किसी भी दुकान में हुई चोरी का पुलिस पर्दाफाश नहीं कर पाई जबकि उधरनपुर में हाईवे पर पुलिस चौकी स्थापित है। जहां ड्यूटी पर पुलिसकर्मी तैनात रहते हैं, लेकिन पुलिस सोती रहती है और चोर घटनाओं को अंजाम देकर चुपचाप निकल जाते हैं। चोरी की इस घटना के बाद यहां के दुकानदारों में भय मिश्रित आक्रोश व्याप्त है।

## एग्रीमेंट के नाम पर रुपए ठगने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाहाबाद ( हरदोई ) ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम बरी के मजरा ककरहिया निवासी व्यक्ति से उसके प्लॉट में पेड़ लगवाने के व्यापार के लिए पंद्रह लाख की ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है। 16 दिसंबर 24 को अशफाक अली पुत्र मुसाहब अली निवासी ककरहिया मजरा बरी द्वारा थाना मंझिला पर तहरीर दी गयी कि महेन्द्रपाल पुत्र रामविलास निवासी बबौरी थाना मुहम्मदी जनपद लखीमपुर खीरी सहित दो आरोपियों द्वारा जनपद बिजनौर में पीड़ित से लिप्टिस के पेडों के एग्रिमेंट करने के लिये वादी से 15 लाख रुपया अपने खाते में जमा करा लिये तथा वादी के नाम पर एग्रिमेंट नही किया गया, जब उसने अपने रुपये की मांग की गई तो उसके साथ गाली.गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गयी। इस संबंध में पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना मंझिला पुलिस ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी। गुरुवार को दोपहर 3:00 बजे थाना मंझिला के उपनिरीक्षक ओम प्रकाश सिंह और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित आरोपी को गिरफ्तार किया गया। स्थानीय पुलिस द्वारा शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सार्थक प्रयास किए जा रहे है।



# आदमपुर का संदेश

सोमवार को राष्ट्र को संबोधित करने के बाद मंगलवार की सुबह अचानक पंजाब स्थित आदमपुर एयरबेस की यात्रा करके प्रधानमंत्री ने सबको चौंकाया। प्रतीकों के जरिये संदेश देने की कला में माहिर प्रधानमंत्री की इस यात्रा को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। निस्संदेह, इस यात्रा के गहरे निहितार्थ थे। पहले तो 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तानी हमले के सामने अभेद्य दीवार बनकर खड़े रहे इस एयरबेस के वायु सैनिकों का मनोबल बढ़ाना था, तो दूसरी ओर अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के सामने पाक को बेनकाब करना था। दरअसल, पाक ने दावा किया था कि उसने आदमपुर एयरबेस पर हमले करके 'सुदर्शन चक्र' यानी एस-400 को तबाह कर दिया है। प्रधानमंत्री ने इस एयरबेस में वायु सेना के कर्मियों से बातचीत की और शानदार काम के लिये उनकी पीठ थपथपायी। निश्चय ही प्रधानमंत्री का वायु सैनिकों के बीच जाकर उनका उत्साहवर्धन करना प्रेरक पहल है। निस्संदेह, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना की भूमिका निर्णायक रही। आतंकी ठिकानों और सैन्य हवाई अड्डों पर सटीक हमले इस ऑपरेशन के कामयाब लक्ष्य रहे। सबसे महत्वपूर्ण इस दौरान भारत की बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली की प्रभावशीलता रही। जिसने भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों और नागरिक क्षेत्रों पर हमले की पाकिस्तान की तमाम कोशिशों को विफल बना दिया । उल्लेखनीय है कि सोमवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तानी ड्रोनों और मिसाइलों को तिनके की तरह मार गिराने के लिये देश के वायु रक्षा कवच की मुक्तकंठ से प्रशंसा की थी। ठीक अगले ही दिन, उन्होंने आदमपुर एयरबेस की यात्रा की और वायु सैनिकों का मनोबल बढ़ाया। निश्चित रूप से यह हमारे वायु योद्धाओं और सशस्त्र बलों की बहादुरी को देश का हृदय से सलाम ही था। साथ ही प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के दुष्प्रचार की जड़ पर प्रहार किया। दरअसल पड़ोसी पाक दावा करता रहा है कि उसकी मिसाइलों ने आदमपुर में भारतीय वायु रक्षा प्रणाली एस-400 को ध्वस्त कर दिया है। उल्लेखनीय है कि जब प्रधानमंत्री वायु सैनिकों को संबोधित कर रहे थे तो पृष्ठभूमि में स्पष्ट रूप से सही-सलामत 'सुदर्शन चक्र' दिखायी दे रहा था। अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को सच बताने के लिये ये काफी था। एयरबेस में वायु सेना कर्मियों व अधिकारियों में खासा उत्साह दिखायी दिया। जो पाक को स्पष्ट संदेश दे गया कि वायु सेना के पास जश्न मनाने की वजह मौजूद है। निश्चित रूप से पाकिस्तान के मुकाबले भारत की वायु शक्ति की श्रेष्ठता पर कभी संदेह नहीं रहा। लेकिन यह 'ऑपरेशन सिंदूर' ही था, जिसने नये युग के युद्ध में भारतीय वायुसेना की दक्षता सिद्ध की। देश की वायु सेना युद्ध शक्ति, आक्रमण, रक्षा क्षमता,आधुनिकीकरण और रसद आपूर्ति के मामले में दुनिया में सर्वश्रेष्ठ वायुसेनाओं में से एक है। वैश्विक स्तर पर,यह चीन,इस्राइल और फ्रांस की वायु सेनाओं से भी बेहतर है। यही वजह है कि भारतीय वायुसेना को उपमहाद्वीप में स्पष्ट व निर्णायक बढ़त प्राप्त है। जिसके चलते पाकिस्तान को किसी दुस्साहस करने से रोका जा सका है। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता इस बात की गवाह है कि अचूक मिग-29 फाइटर जेट्स और 'सुदर्शन चक्र' एस-400 की ताकत ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। साथ ही नागरिक क्षेत्रों पर सैकड़ों ड्रोन हमलों को विफल बना दिया। उल्लेखनीय है कि आदमपुर एयरबेस मिग-29 फाइटर जेट्स का गढ़ माना जाता है। केवल 'ऑपरेशन सिंदूर' ही नहीं, वर्ष 1971 के इस एयर बेस ने पाक के खिलाफ निर्णायक भूमिका निभायी थी। इस बार उन्नत मिग-29 ने लाहौर और कराची में पाक के एयर डिफेंस सिस्टम को ध्वस्त करके पाक सेना का मनोबल तोड़ दिया। दरअसल, वेस्टर्न कमांड के तहत भारत की वायुसेना के इंटिग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम ने भारत की वायु प्रतिरक्षा प्रणाली को अभेद्य बना दिया। जो पश्चिमी हवाई सीमा के लिये कवच साबित हुई। बहरहाल, आदमपुर में प्रधानमंत्री के दौरे ने पाक को साफ चेतावनी दे दी है कि भारत का आसमान कुशल वायुसेना के योद्धाओं के चलते अभेद्य है। हम हर चुनौती के मुकाबले के लिये तैयार हैं। साथ ही यह भी बताया कि हम न केवल अपनी रक्षा करने में सक्षम हैं बल्कि दुश्मन को उसके घर में भी शिकस्त दे सकते हैं।

**पाक ने दावा किया था कि उसने आदमपुर एयरबेस पर हमले करके 'सुदर्शन चक्र' यानी एस-400 को तबाह कर दिया है। प्रधानमंत्री ने इस एयरबेस में वायु सेना के कर्मियों से बातचीत की और शानदार काम के लिये उनकी पीठ थपथपायी। निश्चय ही प्रधानमंत्री का वायु सैनिकों के बीच जाकर उनका उत्साहवर्धन करना प्रेरक पहल है। निस्संदेह, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना की भूमिका निर्णायक रही। आतंकी ठिकानों और सैन्य हवाई अड्डों पर सटीक हमले इस ऑपरेशन के कामयाब लक्ष्य रहे।**

# पाकिस्तान में सुलग रहा विभाजन का लावा

सुरेश हिंदुस्तानी

**पहलगांव में आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद हुई भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान पस्त हो गया। पाकिस्तान सरकार की ओर से युद्ध विराम के बारे में कहा गया कि इस समय पाकिस्तान को बचाने की जरूरत है। इस कथन का स्पष्ट आशय यह भी निकाला जा सकता है कि अगर युद्ध जारी रहता तो पाकिस्तान नाम का देश इस धरती पर नहीं रहता। इसलिए पाकिस्तान ने अपने देश को बचाने के लिए ही यह रास्ता चुना। अमेरिका ने इस मामले में दखल देते हुए दोनों देशों के बीच सहमति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत की ओर से हमेशा यही कहा गया कि भारत आतंकवाद को समाप्त करने के लिए अपना अभियान चला रहा है। इस मामले में विश्व के अधिकांश देश भारत के साथ खड़े होते दिखाई दिए, वहीं पाकिस्तान अकेला हो गया। इससे पाकिस्तान निराश हो गया। इसके अलावा एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी माना जा सकता है कि पाकिस्तान के ऊपर ग्रे सूची में आने का खतरा बढ़ता जा रहा था। एफएटीएफ की ओर से पाकिस्तान का ऐसी चेतावनी भी दे दी गई थी। अगर पाकिस्तान ग्रे सूची में आता तो उस पर कई प्रकार के प्रतिबंध लग सकते थे, जो पाकिस्तान के हित में नहीं होते। इस समय पाकिस्तान के अंदर ही अंदर जो लावा सुलग रहा है, उससे उसे बचने का कोई रास्ता दिखाई नहीं दे रहा है।**

दुनिया में आतंकिस्तान के नाम से कुख्यात पाकिस्तान की धरती में इस समय विभाजन का लावा सुलग रहा है। यह अलग बात है कि भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले के बाद आखिरकार युद्ध विराम हो गया, इससे पाकिस्तान खुश हो सकता है पर इस दौरान उसकी सरजमीं में ऐसा बहुत कुछ घटा है कि बलूचिस्तान उसके हाथ से फिसलता नजर आ रहा है। इस युद्ध विराम के बाद फिर पुराने सवाल उठने लगे हैं कि क्या आतंक को संरक्षण देने वाले पाकिस्तान पर विश्वास किया जा सकता है। यह सवाल इसलिए भी उठ रहा है, क्योंकि पूर्व में ऐसा कहने के बाद भी हर बार पाकिस्तान की ओर से कश्मीर में आतंकी घटनाएं की जाती रही हैं। पहलगांव में आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद हुई भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान पस्त हो गया। पाकिस्तान सरकार की ओर से युद्ध विराम के बारे में कहा गया कि इस समय पाकिस्तान को बचाने की जरूरत है। इस कथन का स्पष्ट आशय यह भी निकाला जा सकता है कि अगर युद्ध जारी रहता तो पाकिस्तान नाम का देश इस धरती पर नहीं रहता। इसलिए पाकिस्तान ने अपने देश को बचाने के लिए ही यह रास्ता चुना। अमेरिका ने इस मामले में दखल देते हुए दोनों देशों के बीच सहमति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत की ओर से हमेशा यही कहा गया कि भारत आतंकवाद को समाप्त करने के लिए अपना अभियान चला रहा है। इस मामले में विश्व के अधिकांश देश भारत के साथ खड़े होते दिखाई दिए, वहीं पाकिस्तान अकेला हो गया। इससे पाकिस्तान निराश हो गया। इसके अलावा एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी माना जा सकता है कि पाकिस्तान के ऊपर ग्रे सूची में आने का खतरा बढ़ता जा रहा था। एफएटीएफ की ओर से पाकिस्तान का ऐसी चेतावनी भी दे दी गई थी। अगर पाकिस्तान ग्रे सूची में आता तो उस पर कई प्रकार के प्रतिबंध लग सकते थे, जो पाकिस्तान के हित में नहीं होते। इस समय पाकिस्तान के अंदर ही अंदर जो लावा सुलग रहा है, उससे उसे बचने का कोई रास्ता दिखाई नहीं दे रहा है। भारत की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई के दौरान ब्लूचिस्तान ने अपनी आजादी की लड़ाई को जारी रखते हुए पाकिस्तान की सेना को अपना निशाना बनाया। यानी पाकिस्तान एक तरफ भारत से लड़ाई लड़ रहा था, वहीं दूसरी ओर उसे अपने ही देश में ब्लूचिस्तान की ओर से कड़ी चुनौती मिल रही थी। पाकिस्तान का आरोप है कि ब्लूचिस्तान को भारत भड़का रहा है। इसे सच नहीं माना जा सकता, क्योंकि ब्लूचिस्तान यह लड़ाई लम्बे समय से लड़ रहा है। अभी कुछ महीने पहले ही बीएलए के सैनिकों ने पाकिस्तान की ट्रेन को हाईजैक करके पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया था। अब यही कहा जा सकता है कि ब्लूचिस्तान शायद ही पाकिस्तान में रहे। ऐसे में सवाल यह भी है कि क्या पाकिस्तान विभाजन के रास्ते पर चल रहा है? क्योंकि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भी ऐसी ही स्थिति दिखाई देती है। कई विश्लेषक यह दावा कररहे हैं कि पाकिस्तान चार टुकड़ों में विभाजित हो जाएगा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपने ही देश की जनता के निशाने पर हैं। इसके अलावा पाकिस्तान की सेना और सेना के साथ कदम मिलाने वाले आतंकी संगठन सरकार के युद्ध विराम वाले निर्णय से नाखुश हैं। इसका परिणाम क्या होगा, यह तो आने वाला समय ही बताने में समर्थ होगा। लेकिन यह पाकिस्तान की वास्तविकता है कि युद्ध जैसी स्थिति बनने के बाद सेना और आतंकियों ने सरकार के समक्ष गंभीर संकट पैदा किया है। इस बार जंग के हालात पैदा करने के लिए पाकिस्तान की जनता सरकार और सेना प्रमुख को ही पूरी तरह से दोषी मान रही है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने पहलगांव की घटना से तीन दिन पूर्व कहा था कि हिन्दू और मुसलमान एक साथ कभी नहीं रह सकते। भारत का कश्मीर पाकिस्तान के गले की नस है। सेना प्रमुख का यह बयान मुसलमानों को भड़काने जैसा ही था। इसलिए पहलगांव की घटना को इसी बयान की प्रतिक्रिया स्वरूप माना जा रहा है। पहलगांव की आतंकी घटना के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए हैं। पाकिस्तान में भारत पर हमले के लिए तैयार बैठे आतंकी ठिकानों को जमींदोज कर दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर ने इनको जिंदा ही जमीन पर दफन कर दिया। भारत की जवाबी कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए। यह पाकिस्तान के लिए जबरदस्त आघात रहा। वह और आतंकियों के आका खून के आंसू रोए। क्योंकि पाकिस्तान की सरकार और सेना इन्हीं आतंकियों के दम पर भारत को आंखें दिखा रही थी।

# क्रिकेट, कोहली और बाजार

अरविन्द मोहन

**विराट बहुत बड़े खिलाड़ी और महान टेस्ट कप्तान रहे हैं और बीच में फार्म की हल्की गिरावट (और कोरोना की भी मार) के बाद से फिर खेलने लगे हैं और आईपीएल में भी सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बनने की रेस में नए-नए सितारों को चुनौती दे रहे हैं। उनका फिटनेस और मैदान में अपने कम उम्र और एकदम नए कप्तान समेत सबके साथ व्यवहार बहुत अच्छा है, उनका सेलेबरेशन का तरीका अभी भी प्रतिद्वन्द्वियों को चुभता है तो उनकी बल्लेबाजी का खौफ बना हुआ है। रोहित पर ये बातें लागू नहीं होती।**

बीच आईपीएल में संन्यास की घोषणा की उम्मीद तो रोहित शर्मा से भी नहीं थी, लेकिन विराट कोहली के टेस्ट से सन्यास की घोषणा ने क्रिकेट जगत और उनके करोड़ों प्रशंसकों को चौंकाया। जल्दी ही इंगलैंड दौरे के लिए टीम का चुनाव होना है। विराट बहुत बड़े खिलाड़ी और महान टेस्ट कप्तान रहे हैं और बीच में फार्म की हल्की गिरावट (और कोरोना की भी मार) के बाद से फिर खेलने लगे हैं और आईपीएल में भी सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बनने की रेस में नए-नए सितारों को चुनौती दे रहे हैं। उनका फिटनेस और मैदान में अपने कम उम्र और एकदम नए कप्तान समेत सबके साथ व्यवहार बहुत अच्छा है, उनका सेलेबरेशन का तरीका अभी भी प्रतिद्वन्द्वियों को चुभता है तो उनकी बल्लेबाजी का खौफ बना हुआ है। रोहित पर ये बातें लागू नहीं होती। अब उनका क्रिकेट साफ ढलान पर है- सिर्फ टेस्ट में ही नहीं, सभी फार्मेट में। और बेचारे रविचंद्रन अश्विन तो सेलेक्शन के तौर तरीकों से ऊबकर सारे फार्मेट से सन्यास घोषित कर चुके हैं। उन्होंने भी आईपीएल खेलते रहने का फैसला किया था-ये दोनों तो खेल ही रहे हैं और अश्विन टेस्ट के स्पेशलिस्ट होकर बीस ओवर वाले क्रिकेट में धुना रहे हैं। आईपीएल का लोभ ऐसे महान खिलाड़ियों को क्यों है यह सब जानते हैं-अभी तो महेंद्र सिंह धोनी भी यहां जमे हैं और खराब प्रदर्शन के बावजूद मैदान छोड़ने को तैयार नहीं हैं। अपने ही क्यों कई विदेशी खिलाड़ी भी अपने यहां के क्रिकेट से सन्यास लेकर यहां जमे हुए हैं। उनकी तुलना में माही, कोहली, रोहित और अश्विन के जमने का एक और मतलब है-इनको वैसे भी कुछ ज्यादा रकम का कान्ट्रैक्ट है लेकिन इन सबको विज्ञापनों की भारी कमाई भी हो रही है। एक-एक विज्ञापन करने का रेट भी अच्छा है-अभी धोनी भी अच्छे अच्छों को टक्कर दे रहे हैं। सिर्फ क्रिकेटरों को ही नहीं, दूसरे स्टार खिलाड़ियों और फिल्मी सितारों को भी। ऐसे में इंस्टाग्राम पर 27 करोड़ से ज्यादा और सोशल मीडिया पर लगभग सात करोड़ फालोअर रखने वाले कोहली अगर हर विज्ञापन करने का प्रति वर्ष दस करोड़ रुपए तक लेते हैं तो वह किसी को नहीं अखरता। उनके पास करीब चालीस ब्रांड हैं। माही भी जमाने तक सबसे बड़ा ब्रांड से और उनका रेट सबसे ऊपर था-संभवतरू बाद के दिनों वाले सचिन तेंडुलकर से भी ज्यादा। अब इन खिलाड़ियों को ही नहीं रणजी तक खेलने वाले हर क्रिकेटर को आजकल ठीक ठाक पैसे मिलने लगे हैं- सेंट्रल कान्ट्रैक्ट मिल जाए या आईपीएल की बोली में लाटरी लग जाए तो बल्ले-बल्ले। टेस्ट और वन डे का रेट भी काफी है। दो-चार बार भी श्देश की सेवाश अर्थात देश की टीम में शामिल होने का अवसर मिल जाए तो रिंकू सिंह का ही नहीं किसी भी कमजोर पृष्ठभूमि वाले लड़के का नसीब ही बदल जाता है। माही और बुमराह जैसा लंबा चल गए तो क्या पूछना। सबसे बड़ी बात यह है कि आज साल में जितना क्रिकेट होने लगा है उसमें खिलाड़ी जान की अर्थात शरीर और थकान की परवाह नहीं करके खेलते ही जाते हैं। इंजरी छुपाते हैं और क्रिकेट प्रशासकों पर ऐसे खिलाड़ियों के पूरा फिट होने का इंतजार करने का दबाव रहता है। टीम में चुने जाने की मारामारी जरूर बढ़ी है लेकिन कमाई के आगे किसी को भी खिलाड़ी के थकान और स्वास्थ्य की परवाह नहीं है। खुद खिलाड़ियों को भी नहीं है तो बाजार और दर्शक को क्यों होगी। जब साल की कमाई सौ से लेकर दो हजार करोड़ रुपए की होने लगे तो कौन अपना कैरियर लंबा नहीं खींचना चाहेगा। धोनी, कोहली, रोहित और अश्विन ही नहीं काफी सारे विदेशी खिलाड़ी भी अपनी पसंद के अनुसार का फार्मेट छोड़कर दूसरे फार्मेट से सन्यास ले रहे हैं। कहना न होगा कि इसमें सर्वाधिक नुकसान उसे टेस्ट फार्मेट का हो रहा। यही जिसे सभी फार्मेट में श्रेष्ठ और खिलाड़ी की असली प्रतिभा सामने लाना वाला माना जाता है।विराट कोहली जैसे क्रिकेटरों को इस बात का श्रेय दिया जाता है कि उन्होंने वन डे क्रिकेट, जिसे कभी पाजामा क्रिकेट भी कहा जाता था, से पिट रहे टेस्ट मैचों में जान लौटाई है। सचिन, धोनी, सौरव, कोहली और पुजारा हमारे ऐसे खिलाड़ी रहे हैं। आज ट्वेंटी ट्वेंटी से वन डे क्रिकेट को ही खतरा है और ट्रेंड देखेंगे तो पाएंगे कि हर फार्मेट छोड़कर खिलाड़ी इसी की तरफ भाग रहे हैं जबकि इस क्रिकेट को घटिया और बॉलिंग का दुश्मन बताया जा रहा है। इसमें भी आईपीएल दुनिया भर के क्रिकेटरों में लोकप्रिय हुआ है क्योंकि उसमें सबसे अधिक दाम मिलता है। दु-प्लेसी, ब्रावो, रसेल, सुनील नारायण समेत दर्जनों ऐसे विदेशी खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने देश की टीम को छोड़ दिया है लेकिन आईपीएल को नहीं। और पाकिस्तान के क्रिकेटर यहां मौका न मिलने से सबसे ज्यादा कुढ़ते है। इतना ही नहीं यहां विज्ञापन में भी अनेक विदेशी खिलाड़ी आते हैं और उसी तरह उनका ब्रांड मूल्य भी है जैसा कि देशी खिलाड़ियों का- हालांकि कुल कमाई के मामले में देशी स्टार कहीं आगे हैं। कोहली के साथ सिर्फ कैरियर लंबा खींचने और फिटनेस जैसा सवाल नहीं है। वे सबसे फिट खिलाड़ियों में रहे हैं और यो-यो टेस्ट की अनिवार्यता उनके कप्तान रहते ही बनी। कोहली बाजार का काम करने के साथ अपना बाजार भी बनाने के चक्कर में हैं और उनके मैनेजरों को लगता है कि अगर वे कुछेक साल और चले तथा धूम-धड़ाका करते रहे तो उनके अपने ब्रांड भी जम जाएंगे। फिर वह कमाई टिकाऊ और जीवन भर के लिए हो जाएगी। ऐसा प्रयास सचिन, माही और सौरव गांगुली समेत कई खिलाड़ियों ने किया था लेकिन बहुत छोटे पैमाने पर। किंग कोहली यह काम भी किंग साइज ही चलाते हैं। उन्होंने स्पोर्टसवियर, रेस्तरां, प्लांट आधारित मांसाहारध्फूड, काफी ब्रांड, स्वास्थ्य और फिटनेस कंपनी, जिम की शृंखला और फैशन का मंच तैयार किया है। पत्नी अनुष्का शर्मा का जुड़ाव तो इनसे है ही, यह भी माना जा रहा है कि उन्होंने आगे इन पर ध्यान केंद्रित करने का मन बनाया है। वे बहुत विज्ञापन की जगह महंगे और कम विज्ञापन करना चाहते हैं। पुमा कंपनी से करार उन्होंने अपने ब्रांड स्थापित करने के लिए किए हैं। माना जाता है कि उनका ब्रांड मूल्य 1900 करोड़ रुपए का है। वे इसे घटाने देना नहीं चाहते। संन्यास का फैसला भी इस ब्रांड मूल्य को बचाने का ही है क्योंकि इधर वे टेस्ट में धूम धड़ाका नहीं कर पा रहे थे।

# दुनिया को समझना होगा भारत का 'न्यू नॉर्मल'

डॉ. आशीष वशिष्ठ

**प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जितनी स्पष्टवादिता, दृढ़ता और विश्वास के साथ सधे और नपे–तुले शब्दों में अपनी बात विश्व के समक्ष रखी है, ऐसा साहस उनका कोई पूर्ववर्ती दिखा नही सका। पाकिस्तान के साथ अब तक हुए चार युद्ध, बालाकोट और उरी स्ट्राइक में उसे इतने गहरे घाव नहीं लगे, जितने ऑपरेशन सिंदूर ने उसे दिये। अपने स्वभाव से विवश पाकिस्तान पहलगाम आतंकी घटना के बाद इसी सोच के साथ रहा होगा, भारत प्रत्युत्तर में अधिक से अधिक एयर स्ट्राइक या उरी जैसा आक्रमण करेगा। लेकिन उसके अनुमान और विचार धरे के धरे रह गए। और भारत ने जो विध्वंस आपरेशन सिंदूर के माध्यम से मचाया, उसकी कल्पना भी आतंकियों और उनके जन्मदाताओं एवं शरणदाताओं की कल्पना से भी परे थी। भारत ने लड़ाई के मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि सिंधु जल संधि को स्थगित करने जैसा ऐतिहासिक और साहसी कदम भी उठाया।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुद्ध पूर्णिमा पर राष्ट्र के नाम अपने 22 मिनट के संबोधन में पाकिस्तान को स्पष्टतः चेताया कि अगर हमारे भारत की ओर आंख उठाकर भी देखा तो वो हश्र होगा कि दुनिया याद करेगी। राष्ट्र के नाम संदेश के अगले दिन प्रधानमंत्री ने आदमपुर एयर बेस पहुंचकर जवानों का उत्साह और मनोबल बढ़ाया। आदमपुर में प्रधानमंत्री के साथ समवेत स्वर में जब जवानों ने भारत माता की जय का उद्घोष किया तो उस निनाद की गूंज और प्रतिध्वनि पाकिस्तान ही नहीं अखिल विश्व ने स्पष्ट तौर पर सुनी। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जितनी स्पष्टवादिता, दृढ़ता और विश्वास के साथ सधे और नपे–तुले शब्दों में अपनी बात विश्व के समक्ष रखी है, ऐसा साहस उनका कोई पूर्ववर्ती दिखा नही सका। पाकिस्तान के साथ अब तक हुए चार युद्ध, बालाकोट और उरी स्ट्राइक में उसे इतने गहरे घाव नहीं लगे, जितने ऑपरेशन सिंदूर ने उसे दिये। अपने स्वभाव से विवश पाकिस्तान पहलगाम आतंकी घटना के बाद इसी सोच के साथ रहा होगा, भारत प्रत्युत्तर में अधिक से अधिक एयर स्ट्राइक या उरी जैसा आक्रमण करेगा। लेकिन उसके अनुमान और विचार धरे के धरे रह गए। और भारत ने जो विध्वंस आपरेशन सिंदूर के माध्यम से मचाया, उसकी कल्पना भी आतंकियों और उनके जन्मदाताओं एवं शरणदाताओं की कल्पना से भी परे थी। भारत ने लड़ाई के मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि सिंधु जल संधि को स्थगित करने जैसा ऐतिहासिक और साहसी कदम भी उठाया। 1965, 1971 और 1999 कारगिल युद्ध और तमाम छोटी–बड़ी आतंकी घटनाओं में पाकिस्तान की स्पष्ट भूमिका के उपरांत सिंधु जल संधि स्थगित करने का साहस भारत दिखा नहीं पाया। बालाकोट और उसी स्ट्राइक, जम्मू कश्मीर में धारा 370 को खत्म करने जैसे बड़े कदम उठाने के बाद भी पाकिस्तान भारत को हल्के में लेता रहा। वास्तव में त्रुटि पाकिस्तान की नहीं, हमारी ही रही। हमारे देश के भीतर एक ऐसी मंडली हैं, जिनके हृदय में भारत से अधिक पाकिस्तान के लिये प्रेम, पक्षपात और दयाभावना उछाल मारती है। यही मंडली हर आतंकी घटना के बाद भारत पाकिस्तान के विरुद्ध कड़े कदम उठाने का प्रपंच और स्वांग रचती है। प्रोपेगेंडा करने और नैरेटिव गढ़ने में इस मंडली को महारत प्राप्त है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी ये मंडली सक्रिय हो गई थी। वो अलग बात है कि इस बार यह अपना एजेंडा चलाने में सफल नहीं हुई। वहीं पाकिस्तान को सख्त सबक सिखाने की बजाय जुबानी जमा खर्च ज्यादा करने की जो परंपरा नेहरू-इंदिरा के शासन में फली फूली, 2014 में मोदी सरकार के गठन से पूर्व तक भारत उसी नीति का सिर झुकाकर अनुसरण करता रहा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भी पाकिस्तान को प्रत्युत्तर में एयर स्ट्राइक से अधिक की उम्मीद नहीं थी। उसे लग रहा था भारत की सत्ता संभालने वालों में बड़े, प्रभावशाली और कठोर निर्णय लेने का राजनीतिक साहस नहीं है। लेकिन पाकिस्तान पता नहीं यह कैसे भूल गया कि प्रधानमंत्री मोदी खतरे उठाने और साहसी निर्णय लेने के लिए जाने जाते हैं। उनकी प्रसिद्धि, साख और लोकप्रियता की यूएसपी जोखिम उठाना ही तो है। प्रधानमंत्री की दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति का समर्थन पाकर हमारे वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने पाकिस्तान को उदाहरण के साथ अच्छे से समझा दिया है कि अब खेल बदल चुका है। खेल के खिलाड़ी बदल चुके हैं। भारत की सत्ता जिनके हाथों में हैं, उनका नारा नेशन फर्स्ट का है। ऑपरेशन सिंदूर के रूप में भारत ने ना केवल आतंक के पोषक और जनक पाकिस्तान को करारा उत्तर दिया, बल्कि एक नया सैन्य और रणनीतिक सिद्धांत स्थापित कर दिया। 7 से 10 मई के बीच चार दिनों तक चले इस सीमित, लेकिन तीव्र सैन्य अभियान ने न केवल पाकिस्तान को सैन्य रूप से झकझोर कर रख दिया, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की साख, क्षमता और इच्छाशक्ति का ऐसा प्रदर्शन किया जो दशकों में पहली बार देखा गया। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि आतंक के विरुद्ध अब वह चुप नहीं बैठेगा, घर के भीतर घुसकर मारेगा। पहलगाम घटना के बाद भारत ने बातें नहीं की, डोजियर सौंपने की तैयार नहीं की, सीधे घर में घुसकर मारा, सीधे एक्शन लिया। पाकिस्तान के अंदर घुसकर 15 से अधिक आतंकियों और सेना से जुड़े ठिकानों को नष्ट कर दिया। भारत ने केवल आतंकी ठिकानों पर नहीं, उनके ड्रोन कंट्रोल सेंटर और एयरबेस तक को निशाना बनाया। ये दिखाने के लिए कि अगर आवश्यकता पड़ी, तो भारत सीधे उनके सीने तक पहुंच सकता है। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य बहुत स्पष्ट था- आतंक का ढांचा तोड़ना, अपनी सैन्य ताकत दिखाना, शत्रु को पुनः सोचने के लिए विवश करना और विश्व को यह बताना कि यह परिवर्तित भारत है। और यह परिवर्तित भारत अब नई सुरक्षा नीति पर चल रहा है। यह बदला हुआ भारत है, भारत के इस बदले हुए मिजाज और कड़े निर्णय लेने के साहस को पाकिस्तान समझने से चूक गया। जिसका परिणाम संपूर्ण विश्व के समक्ष है। भारत ने घर में घुसकर जब चाहा, जहां चाहा, वहां हमला किया। आतंकी खत्म किए, आतंक के ठिकाने ध्वस्त किए और पाकिस्तान के सैन्य हमलों को अपाहिज और पंगु बना डाला। भारतीय सेना और हमारे डिफेंस सिस्टम की श्रेष्ठता और सटीकता ने पाकिस्तान ही नहीं उसके सहयोगियों और हितैषी अमेरिका, चीन और तुर्की के जेट फाइटर, ड्रोन्स, एयर डिफेंस सिस्टम और आयुध की निम्न गुणवत्ता को अनावृत कर डाला। पाकिस्तान में फलने फूलने वाले आतंकियों को कड़ी सीख देने के लिए अच्छी तरह चिंतन-मंथन के बाद ऑपरेशन सिंदूर संचालित हुआ। इसे स्वैच्छिक युद्ध में परिवर्तित नहीं होने दिया गया, लेकिन आतंक को कठोर उत्तर भी दे दिया गया। भारत ने ये दिखा दिया कि अब युद्ध का अर्थ केवल बम-विस्फोट और सीमा लांघना नहीं होता। अब लड़ाई सोच-समझकर, सीमित परिधि में और स्पष्ट उद्देश्य के साथ लड़ी जाती है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम ने विश्व समुदाय को स्पष्ट तौर पर बता दिया गया कि अब हम किसी और के आश्रित नहीं है। ना अमेरिका की ओर देखा, ना रूस से पूछा और ना ही संयुक्त राष्ट्र से कोई सहायता मांगी। जो करना था, स्वयं उसकी कार्ययोजना बनाई और स्वयं ही उसे धरती पर उतारा। ये वही भारत है जो कभी हमलों के बाद बयान देता था और अंतरराष्ट्रीय सहायता की प्रतीक्षा करता था। लेकिन इस बार भारत ने ये दिखा दिया कि अब हम अपने निर्णय स्वयं लेते हैं और अपनी लड़ाई स्वयं अपने सामर्थ्य से लड़ते हैं। यह भारत की रणनीतिक आत्मनिर्भरता का स्पष्ट संकेत है, यानी अब हम दूसरों की सहमति या सहायता पर नहीं, अपनी सोच, शक्ति, सामर्थ्य और साधनों पर विश्वास करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य ना राष्ट्र पर आधिपत्य की कामना थी, ना किसी सरकार गिराने या परिवर्तन की। एकमात्र बात विश्व को बतानी थी कि यदि भारत पर आक्रमण हुआ, तो उत्तर अवश्य मिलेगा और ऐसा मिलेगा कि पुनः सोचने पर विवश कर देगा। अब भारत की लड़ाई का ढंग परिवर्तित हो गया है। यह केवल अस्त्र-शस्त्र नहीं दिखाता, यह बताता है कि कब, कहां और कैसे उनका प्रयोग करना है। यह एक नया भारत है- जो केवल निनाद नहीं उठाता, अब प्रभाव और धमक भी दिखाता है। अब भारत प्रतिक्रिया में नहीं चलता, कर्मण्यता पर विश्वास करता है और नई दिशा तय करता है। यह परिवर्तन केवल एक रणनीति नहीं है, ये मानसिकता का परिवर्तन है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने आदमपुर एयर बेस में कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत का 'न्यू नॉर्मल' है। यही मानसिक परिवर्तन भारत का 'न्यू नॉर्मल' है। और इस 'न्यू नॉर्मल' को अखिल विश्व जितनी जल्दी समझेगा, वो उसके और शेष दुनिया के लिए हितकारी, सुखप्रद और शांतिप्रद होगा।

# राज्यपाल ने बांटी योजनाओं की सौगात

- भ्रूण हत्या पर सख्त कार्रवाई के निर्देश, दहेज और बाल विवाह के खिलाफ लिया संकल्प

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को जनपद भ्रमण के दौरान निराला प्रेक्षागृह परिसर में नवाचार और विकास कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, चेक, गैस कनेक्शन, पोषण किट और अन्य सहायता सामग्री वितरित की।

राज्यपाल ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जवानों की वीरता को सलाम करते हुए कहा कि भारत शांति की भूमि है लेकिन हमला करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देगा। उन्होंने युवाओं से विकसित भारत के निर्माण में भागीदारी का आह्वान किया। भ्रूण हत्या को महाअपराध बताते हुए कहा कि बेटा-बेटी दोनों को जीने का हक है, मारने का किसी को नहीं। निजी अस्पतालों में भ्रूण लिंग जांच और हत्या के मामलों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। कहा दोषी डॉक्टरों पर दर्ज हो एफआईआर, जाएं जेल।

दहेज प्रथा और बाल विवाह पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि बेटों की 'बिक्री' बंद होनी चाहिए। बेटियों को बहू नहीं, बेटी समझें। बेटा-बेटी को पढ़ाना और संस्कार देना ही मां-बाप की असली जिम्मेदारी है। राज्यपाल ने स्वरोजगार योजनाओं से लाभान्वित युवाओं से अपील की कि वे मेहनत कर खुद का व्यवसाय खड़ा करें और दूसरों को भी रोजगार दें। कहा हर किसी को सरकारी नौकरी नहीं मिल सकती, लेकिन मेहनत से आगे बढ़ना मुमकिन है। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा गया। 200 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किट, 100 को पोषण पोटली, 11 दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल, 100 को आयुष्मान कार्ड, टीबी किट, वृद्धावस्था पेंशन, स्वामित्व योजना की घरौनी समेत कई योजनाओं के लाभ बांटे गए। पुलिस लाइन सभागार में 18 विभागों की समीक्षा करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और आधारभूत संरचनाओं पर दिशा-निर्देश दिए। कहा 3 और 6 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके बच्चों का हर हाल में स्कूलों में दाखिला सुनिश्चित हो। कहा कि जिले के निजी मेडिकल कॉलेजों में बेटियों के शोषण की शिकायत मिली तो लाइसेंस रद्द किया जाएगा। कस्तूरबा विद्यालयों की छात्राओं को पाकशाला की जानकारी दी जाए। क्षय रोगियों को आत्मीयता मिले और पोषण अभियान में किसी तरह की लापरवाही न हो।

इस अवसर पर सांसद साक्षी महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, क्षेत्रीय विधायकगण, मंडलायुक्त रोशन जैकब, डीएम गौरांग राठी, एसपी दीपक भूकर समेत तमाम अधिकारी और बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

### सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वास्थ व रक्तदान शिवर का हुआ आयोजन

बांदा। सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बांदा में संस्था सेवर्स ऑफ लाइफ के तत्वाधान में आज स्वास्थ शिवर एवं रक्तदान शिवर का आयोजन हुआ जिसमें डाक्टर हिमांशु सिंह जी (मस्तिक रोग विशेषज्ञ) रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज बांदा, डा. नम्रा सिराज डीजीओ, डा. मो. मसजूद नेत्र रोग विशेषज्ञ, मो0 आकिब फारुकी एमडी ने सभी बच्चों को स्वास्थ्य से संबंधित सभी प्रकार की जानकारियां दी, अपनी आंखों को अपने मस्तिष्क को एवं अपने पूरे शरीर को किस प्रकार से स्वस्थ रखा जाता है उसके बारे में आवश्यक टिप्सों का आदान-प्रदान किया। पढ़ाई के समय कितनी रोशनी में आपको पढ़ना है नेत्र विशेषज्ञ के द्वारा बताया गया और आंखों से संबंधित जांचों के लिए बताया। सभी चिकित्सकों द्वारा बच्चों की जांचे की गई और स्वास्थ्य संबंधी बातों को ध्यान में रखने हेतु प्रेरित किया गया।

# ट्रांसमिशन के अंतर्गत इलेक्ट्रिकल कार्य को शीघ्र शुरू कराया जाये: डीएम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। जिलाधिकारी श्रीमती जे0रीभा ने आज विद्युत के निर्माण अधीन सब स्टेशन खैराडा एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय महोखर तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय डिगवाही का निरीक्षण किया।

उन्होंने सर्वप्रथम विद्युत विभाग के द्वारा निर्माणाधीन विद्युत सब स्टेशन ख़ैरादा का निरीक्षण करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को ट्रांसमिशन के अंतर्गत इलेक्ट्रिकल कार्य को शीघ्र शुरू कराया जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि विद्युत सब स्टेशन का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्ता के साथ कराया जाए, इस कार्य में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने पाए और शीघ्र से शीघ्र कार्य को तेज गति के साथ पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने इसके पश्चात कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय महोखर का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय के निरीक्षण करते हुए बच्चों के क्लासरूम, ठहरने के कक्ष, छात्रावास तथा भोजन तैयार करने के कक्ष आदि का निरीक्षण करते हुए उपस्थित अध्यापकों को विद्यालय में इंटरनेट की व्यवस्था को सही कराया जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय की बालिकाओं को खेलकूद में प्रतिभाग करने के लिए खेलकूद सामग्री की किट एवं अन्य सुविधा भी उपलब्ध कराए जाने के संबंध में चीफ वार्डन को निर्देशित किया।उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय डिगवाही का निरीक्षण करते हुए निर्माणाधीन एकेडमिक ब्लॉक एवं छात्रावास के निर्माण कार्य को देखा। उन्होंने कार्य करने वाली कार्यदाई संस्था सीएनडीएस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानक के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य को पूर्ण किया जाए तथा कार्य में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने पाए अन्यथा संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### परिवहन एवं यातायात विभाग ने अनाधिकृत रूप से संचालित वाहनों के विरुद्ध चलाया अभियान

बांदा। गुरूवार को जिलाधिकारी श्रीमती जे0रीभा0 ,पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशों के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज,ए आरटीओ प्रशासन शंकर जी सिंह,सीओ यातायात के. के. त्रिपाठी, पीटीओ रामसुमेर यादव,यातायात प्रभारी संजय मिश्रा के नेतृत्व में चलाए जा रहे यातायात सुरक्षा अभियान के तहत बांदा की तहसील नरैनी में परिवहन विभाग,यातायात,पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से डग्गामार वाहनों, बसों,दोपहिया वाहनों पर हेलमेट ना लगाना, ट्रिपल सवारी, मोबाइल ईयर फोन पर बात करना,चार पहिया वाहनों पर शीट बेल्ट का प्रयोग ना करना, चार पहिया वाहनों पर काली फिल्म का चढ़ा होना आदि सभी यातायात सुरक्षा के साधनों, मानकों का प्रयोग न किए जाने के तहत सघन अभियान चलाकर पीटीओ राम सुमेर यादव ने 11बड़े वाहनों का चालान कर 4 वाहनों को कोतवाली नरैनी में निरूद्ध किया। बता दे की जिलाधिकारी श्रीमति जे. रीभाव के द्वारा विगत दिनों जनपद बांदा में यातायात सुरक्षा को लेकर सभी विभागों के के साथ एक आवश्यक बैठक आहुत की गई थी जिसमें सभी विभागों को बताया गया था बांदा जनपद पर कोई भी वहां अनाधिकृत रूप से संचालित नहीं होने चाहिए इसी अनुपालन में प्रतिदिन प्रशासन द्वारा अलग-अलग स्थानों पर यह अभियान चलाया जा रहा है और निरंतर चलाया जाता रहेगा परिवहन,यातायात, पुलिस विभाग आप सभी वाहन चालकों से अपील करता है कि यातायात नियमों का पालन करें बिना उचित दस्तावेज,फिटनेस,बीमा, रजिस्ट्रेशन के वाहनों का संचालन कदापि ना करे।जागरूक हो और लोगों को भी जागरूक करने का कार्य करें ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

### जेडीयू ने की मंत्री विजय शाह की बर्खास्तगी की मांग, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

बांदा। मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई विवादास्पद टिप्पणी को लेकर राजनीतिक विरोध तेज हो गया है। जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के युवा प्रकोष्ठ ने इस बयान को ष्राष्ट्रविरोधी, महिला विरोधी और संविधान विरोधीष्करार देते हुए महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। जेडीयू के युवा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में भेजे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि मंत्री विजय शाह को तुरंत पद से हटाया जाए और उनके खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई हो। ज्ञापन में कहा गया है कि सेना धर्म, जाति और लिंग से ऊपर होती है और इस तरह की बयानबाजी सेना की गरिमा और एकता को ठेस पहुंचाती है। ज्ञापन पर अखिलेश कुमार यादव (जिला महासचिव, जेडीयू), राम प्रजापति (जिला अध्यक्ष, दिव्यांग प्रकोष्ठ), आदित्य गोस्वामी (जिला उपाध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ) और ज्योति मौर्या (नगर अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ, अतर्रा) बिहारी लाल अनुरागी जिला जेडीयू महासचिव दिव्यांग प्रकोष्ठ बांदा गुड्डू,कमरुनिशा ,सानिया,सहरुन , समीम खान,समीम फातिमा देवेश कुमार ओमर ,उदय पाल आदि लोग ज्ञापन में सम्मिलित थे। पार्टी नेताओं ने राष्ट्रपति से इस पूरे मामले में हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा है कि ऐसे बयान न केवल संवैधानिक मूल्यों का उल्लंघन हैं, बल्कि महिला सशक्तिकरण और अल्पसंख्यक गरिमा के भी विरुद्ध हैं।

### ग्राहक गोष्ठी का किया गया आयोजन

शुक्लागंज- उन्नाव। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, जो पहले आर्यावर्त बैंक के नाम से पहचानी जाती थी, की नेतुआ (शुक्लागंज) शाखा में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण ग्राहक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य बैंक के नवीनतम स्वरूप, प्रदान की जा रही सेवाओं और ग्राहकों की सुविधाओं में किए गए सुधारों की जानकारी देना था। गोष्ठी के दौरान, बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने ग्राहकों को आधुनिक बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल माध्यमों के उपयोग, विभिन्न प्रकार की ऋण सुविधाओं और अन्य लाभकारी वित्तीय योजनाओं से अवगत कराया। ग्राहकों ने भी इस संवाद में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिक्रियाओं तथा सुझावों को खुलकर साझा किया। वरिष्ठ प्रबंधक यादवेंद्र प्रताप सिंह ने बैंक की नई नीतियों और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। विपणन अधिकारी मयंक तिवारी ने डिजिटल बैंकिंग के लाभों और सुरक्षित लेनदेन के तरीकों पर जोर दिया।

# कमालुद्दीन खान निर्विरोध बने अधिवक्ता संघ अध्यक्ष, पैलानी में खुशी की लहर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



जसपुरा/पैलानी। तहसील पैलानी अधिवक्ता संघ के चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता कमालुद्दीन खान को अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने जाने के बाद अधिवक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके समर्थकों ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत कर खुशी का इजहार किया। चुनाव में अन्य किसी उम्मीदवार ने नामांकन न करने के चलते एडवोकेट कमालुद्दीन खान का अध्यक्ष बनना तय हो गया। निर्विरोध चुने जाने के बाद उन्होंने सभी अधिवक्ताओं को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर अधिवक्ता संघ कार्यालय परिसर में उत्सव का माहौल रहा। वरिष्ठ अधिवक्ताओं व साथियों ने उन्हें अध्यक्ष बनने पर बधाई दी और उनके नेतृत्व में अधिवक्ता संघ के बेहतर संचालन की उम्मीद जताई। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह, वीरेंद्र पाल सिंह, कामता प्रसाद वर्मा, हनुमान दास तिवारी, जमील खान, सकील खान,झण्डू सिंह, रुद्रदत्त मिश्रा, अभय निषाद, संघ के महासचिव पद का चुनाव 22 मई को होगा जिसमे प्रत्याशी गयाप्रसाद निषाद, विष्णुदत्त द्विवेदी दो के बीच चुनाव होगा आदि शेष निर्विरोध पदाधिकारी कोषाध्ययक्ष श्रवण कुमार गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामप्रकाश खेगर,सामान्य उपाध्यक्षय रामनरेश त्रिपाठी,और सयुक्त पुस्तककलय अभय कुमार निषाद निर्वरोध चुने गये। समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जनहित में स्वास्थ्य मंत्री से मिले कुँवर विवेक सेठ

- चार साल से बंद 100 बेड अस्पताल को शुरू कराने के लिए सौपा स्वास्थ्य मंत्री को पत्र
- मेला रामलीला ट्रस्ट की 14 बीघा भूमि दान कर बनाया गया था अस्पताल, आज भी संचालन अधूरा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मौरावां (उन्नाव)। नगर पंचायत मौरावां के अध्यक्ष और मेला रामलीला ट्रस्ट के मंत्री कुँवर विवेक सेठ ने एक बार फिर क्षेत्रीय जनहित में बड़ी पहल करते हुए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजकर 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय मौरावां को पूर्ण रूप से संचालित कराने की माँग की है।

उल्लेखनीय है कि उक्त चिकित्सालय का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 28 सितंबर 2020 को किया गया था। अस्पताल के निर्माण हेतु मेला रामलीला ट्रस्ट द्वारा करीब 14 बीघा भूमि निःशुल्क प्रदान की गई थी, ताकि नगरवासियों व ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उन्नत इलाज की सुविधा मिल सके। लेकिन चार साल बीत जाने के बाद भी यह अस्पताल पूरी तरह से शुरू नहीं हो पाया है।

विवेक सेठ ने कहा जनहित में दी गई भूमि का अभी तक न तो हस्तांतरण हुआ और न ही चिकित्सालय का संचालन पूर्ण रूप से शुरू हो सका है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस उद्देश्य से यह भूमि दी गई, वह आज भी अधूरा है।''

उन्होंने अपने पत्र में इस बात का उल्लेख किया है कि पूर्व में भी 24.10.2016, 12.06.2017 और 22.02.2021 को इस विषय में शासन और प्रशासन को पत्र भेजे जा चुके हैं, परंतु कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वर्तमान में अस्पताल भवन पूरी तरह तैयार है, उपकरण लगाए जा चुके हैं, और नामकरण की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। फिर भी अस्पताल में केवल आंशिक रूप से 3 घंटे की प्रतीकात्मक ओपीडी ही संचालित हो रही है।

### जनता की ओर से उठाई जा रही माँग

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कुँवर विवेक सेठ का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है।

उन्होंने न केवल भूमि दान दी, बल्कि आज तक लगातार इस परियोजना के लिए संघर्ष कर रहे हैं। क्षेत्रीय जनता को उम्मीद है कि सरकार अब इस मामले में गंभीरता दिखाएगी और अस्पताल को जल्द पूरी तरह से चालू कराएगी।

### विवेक सेठ ने जताई तत्परता

सेठ ने स्पष्ट किया कि यदि संचालन में कोई प्रशासनिक या कानूनी बाधा है, तो वह व्यक्तिगत स्तर पर हर प्रकार का सहयोग देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अब और देर करना जनता के स्वास्थ्य के साथ अन्याय होगा।

# कर्नल सोफिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाले मंत्री को बर्खास्त करने की मांग

- कांग्रेसियों ने ग्रांधी प्रतिमा पर नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अतर्रा/बांदा। मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई अभद्र बयान बाजी को लेकर कंाग्रेसियों ने गांधी प्रतिमा पर नारेबाजी व प्रदर्शन कर मंत्री को बर्खास्त किए जाने की उठाई मांग। कंाग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने भाजपा सरकार द्वारा सेना का सम्मान न किए जाने का लगाया आरोप।

मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा देश की सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर आतंकवाद से जुड़ी अभद्र टिप्पणी किए जाने की विरोध में गुरुवार को नगर कंाग्रेस कमेटी द्वारा गांधी चौक में नारेबाजी व प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला कार्यक्रम में मौजूद कंाग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने सीधे भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश में बैठी भाजपा की सरकारी देश की सेना के शौर्य वह उनके बलिदान का मजाक उड़ा रहे हैं श्री दीक्षित ने कहा कि कुरैशी भारत की बेटी है भारत की मां और सम्मान है ऐसी टिप्पणी करने वाले लोगों की मानसिकता बता रही है कि देश को धर्म के नाम पर बांटना चाहते हैं और धर्म के नाम पर नफरत पैदा करके देश की शांति को खत्म करना चाहते श्री दीक्षित ने टिप्पणी करने वाले मंत्री को तत्काल बर्खास्त किए जाने की मांग की कंाग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष साकेत बिहारी मिश्रा ने ऐसे अभद्र टिप्पणी करने वाले मंत्री को जेल भेजने की मांग की। कंाग्रेस महिला जिला अध्यक्ष सीमा खान वरिष्ठ नेता संकटा प्रसाद त्रिपाठी रमेश चंद्र कोरी सूरज बाजपेई पूर्व अध्यक्ष कालूराम जाटव ने कहां की भारतीय जनता पार्टी देश को धर्म मजहब के नाम पर बांटना चाहती है देश की सेवा का सम्मान नहीं कर रहे हैंइस दौरान कंाग्रेसियों ने कुरैशी तेरा यह अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान के गगन भेदी नारे लगाए वह जमकर आक्रोश जताया इस दौरान कंाग्रेस नेता सत्य प्रकाश द्विवेदी बिलाल वर्मा संतोष द्विवेदी सुनील दत्त पांडे जगदीश गुप्ता विकी रामसनेही गौतमअर्जुन मिश्रा गौरी शंकर गुप्ता मोहम्मद नसीम आशीष गुप्ता बाबूलाल जाटव अशरफ उल्ला रम्पा बाबा दीन सोनी मोहम्मद राजा उमाशंकर बाजपेई माता बदल सोनकर अंबिका सेंगर यीशु फैज खान कुलदीप धर्मेंद्र आदि मौजूद रहे।

### राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी का शाहजहांपुर दौरा

शाहजहांपुर। राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने आज बुधवार को शाहजहांपुर जनपद का दौरा किया।इस दौरान उन्होंने महिला सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की तथा कई अहम कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। उनके इस दौरे का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की समस्याओं की प्रत्यक्ष सुनवाई और त्वरित समाधान का मुख्य उद्देश्य रहा। विकास भवन सभागार में आयोजित महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीओ डाक्टर अपराजिता सिंह द्वारा उन्हें लिविंग प्लांट भेंट कर किया गया। इसके पश्चात जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा द्वारा जनसुनवाई की विधिवत शुरुआत की गई। कार्यक्रम में घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं की समस्याएं, आर्थिक सहायता, सुरक्षा और शिक्षा जैसे गंभीर विषयों पर खुलकर संवाद हुआ। कुल 9 शिकायतें सामने आईं—जिनमें 5 घरेलू हिंसा से जुड़ी थीं, 2 भूमि विवाद के मामले, 1 दहेज से संबंधित और 1 मेडिकल विषयक समस्या थी। सभी मामलों पर सुजीता कुमारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# शाहजहॉपुर विकास प्राधिकरण बोर्ड की हुई पहली बैठक

- नवगठित शाहजहॉपुर विकास प्राधिकरण के कार्य को गति देने हेतु रणनीति पर की गयी चर्चा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष/आयुक्त बरेली मण्डल, बरेली सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता व शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, नगर आयुक्त शाहजहॉपुर डॉ0 विपिन कुमार मिश्र की उपस्थिति में शाहजहॉपुर विकास प्राधिकरण बोर्ड की प्रथम बैठक आज बुधवार को आयुक्त सभागार में आहूत की गयी। नवगठित शाहजहॉपुर विकास प्राधिकरण के कार्य को गति देने हेतु रणनीति पर चर्चा की गयी। विनियमित क्षेत्र के विभिन्न खातो यथा अनुज्ञा शुल्क, शमन शुल्क, नकल शुल्क, पार्क प्रतिपूर्ति, विकास शुल्क, शेल्टर शुल्क, प्रभाव शुल्क आदि में जमा धनराशि की एफ.डी. कराने तथा अवशेष धनराशि से कार्यालय संचालन के निर्देश दिये गये। बैठक में मानचित्र स्वीकृतिकरण एवं विविध देयों के संबंध में विचार किया गया। जिसके अंतर्गत सुझाव दिया गया गया कि समस्त विकास प्राधिकरणों हेतु विकास परमिट शुल्क, भवन परमिट शुल्क एवं निरीक्षण शुल्क को निर्धारण किया गया है। शाहजहॉपुर विकास प्राधिकरण द्वारा उपरोक्त अधिसूचना के अंतर्गत निर्धारित नियमावली के अंगीकृत किया जाये। विकास प्राधिकरण में कार्य विभाजन की भी चर्चा की और भवन के नक्शे पास कराने हेतु ऑनलाइन प्रवर्तन की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये गये, जिससे प्राधिकरण की आय में वृद्धि हो। अवगत कराया गया कि मानचित्र स्वीकृतिकरण हेतु नवगठित प्राधिकरणों हेतु न्यूनतम शुल्क प्रतिवर्ग मीटर की दर निर्धारित है। यही दर निधारित किये जाने का प्रस्ताव दिया गया जो समय के साथ बढ़ती जायेगी। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट शाहजहॉपुर प्रवेन्द्र कुमार सहित बरेली व शाहजहॉपुर विकास प्राधिकरण से संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वर्षा ऋतु के पूर्व सभी नालों की कराएं सफाई: अपर निदेशक

- अपर निदेशक ने नगर पालिका के कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण
- समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। शासन से प्राप्त निर्देश के क्रम में डॉ0 असलम अंसारी अपर निदेशक, नगरीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0 सरकार लखनऊ द्वारा आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत चित्रकूटधाम मण्डल के नगरीय निकायों द्वारा शुद्ध पेयजल आपूर्ति एवं नाला नालियों की सफाई व्यवस्था सहित शासन से चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का जनपद भ्रमण के दौरान स्थलीय निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक 14-15 मई, 2025 को प्रस्तावित कार्यक्रम के क्रम में आज नगर पालिका परिषद बांदा के वार्ड नं0-28 अलीगंज उत्तरी स्थित सट्टन चौराहा एवं नरैनी रोड स्थित निम्नीनाला पर मशीनो द्वारा किये जा रहे नाला सफाई अभियान का धर्मेन्द्र कुमार सतसंगी महाप्रबन्धक जल संस्थान चित्रकूटधाम मण्डल बांदा एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद बांदा श्रीचन्द्र जी के साथ प्रातः 08.30 बजे स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा निकाली जा रही सिल्ट को सीधे कचरा वाहन के माध्यम से सुरक्षित स्थान पर निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात प्रातः 10.00 बजे से जनपद बांदा स्थित आठ निकाय एवं जनपद चित्रकूट चार निकाय के अधिशाषी अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस बांदा में समीक्षा बैठक की गयी। बैठक के दौरान अपर निदेशक द्वारा समस्त अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन के निर्देशानुसार आगामी वर्षा ऋतु के पूर्व 20 मई, 2025 तक जनपद बांदा के 46 बड़े नाले, 104 मझोले नाले, 68 छोटे नाले एवं जनपद चित्रकूट के 36 बड़े नाले, 33 मझोले नाले एवं 46 छोटे नालों की सफाई का कार्य पूर्ण करा लिया जाये तथा यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि नगर में कहीं भी जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो। शुद्ध पेयजल आपूर्ति की समीक्षा के दौरान जी0एम0 जलकल द्वारा बताया गया कि जनपद बांदा में कुल 62 ट्यूबबेल एवं 1833 इण्डियामार्का टू हैण्डपम्प के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था की गयी है साथ ही आवश्यकता पड़ने पर नगर पालिका एवं जल संस्थान पर उपलब्ध टैंकरों के माध्यम से भी जलापूर्ति सुनिश्चित की जाती है। जनपद स्थित स्थाई एवं अस्थाई गौशालों में संरक्षित गौवंशो को धूप से बचाव हेतु टीन शेड पर पुआल बिछाने, गौवशों को भूसा एवं चारा पानी पीने के लिये पक्की चरही आदि की उपलब्धिता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के अन्त में निकायों में चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं को समयानुसार पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में उप जिलाधिकारी, इरफान उल्ला खां, उप जिलाधिकारी अतर्रा राहुल द्विवेदी, उप जिलाधिकारी तिन्दवारी अंकित वर्मा, उप जिलाधिकारी/ अधिशाषी अधिकारी बबेरू नरेन्द्र कुमार यादव, महाप्रबन्धक जल संस्थान चित्रकूटधाम मण्डल बांदा, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद बांदा श्रीचन्द्र, अधिशाषी अधिकारी मटौंध ब्रजकिशोर सिंह, अधिशाषी अधिकारी ओरन अनिल कुमार, अधिशाषी अधिकारी चित्रकूटधाम लाल जी यादव, अधिशाषी अधिकारी मऊ एवं राजापुर बालकृष्ण गौतम, अधिशाषी अधिकारी मानिकपुर भारत सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक स्वच्छ भारत मिशन बांदा अभिषेक खरे ,जिला कार्यक्रम प्रबन्धक स्वच्छ भारत मिशन चित्रकूट शिवा कुमार ,सफाई एवं खाद्य निरीक्षक बांदा देवेन्द्र कुमार एवं हेमन्त प्रसाद, वरिष्ठ लिपिक न0पं0 मटौंध राघवेन्द्र प्रसाद पाण्डे, वरिष्ठ लिपिक न0पं0 नरैनी सुभम द्विवेदी मौजूद रहें।

# जिला अस्पताल में महिला की मौत पर हंगामा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर। जिला अस्पताल मेडिकल कालेज में पहले से भर्ती एक महिला को देखने आई रिश्तेदार महिला की अस्पताल में ही तबियत खराब हो गई।महिला को तत्काल ट्रामा सेंटर में उपचार के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया। भर्ती महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई।परिजनों ने डाक्टर पर गलत इंजेक्शन और गलत दवाई खिलाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा।मौके पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल परिजनों को शांत किया और शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा जहां पैनल द्वारा शव का पोस्टमार्टम किया गया।

रोजा थाना क्षेत्र के ग्राम इटौरिया निवासी 48 वर्षीय मुन्नी देवी को रविवार को बेसहारा पशु ने पटक दिया था।जिससे मुन्नी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई थी।परिजनों ने मुन्नी देवी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। सोमवार की शाम को मुन्नी देवी की बहू तीस वर्षीय संध्या देवी अपनी सास मुन्नी देवी को देखने जिला अस्पताल आई थी।

रात में अचानक संध्या देवी की तबीयत खराब हो गई।परिवार वालों ने ट्रामा सेन्टर में दिखाया तो डाक्टरों ने तत्कालीन उपचार कर भर्ती कराने को कहा।और संध्या देवी को भर्ती कर लिया गया।डाक्टर ने उपचार करने के बाद महिला को नई बिल्डिंग के वार्ड में शिफ्ट कर दिया।


उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 06.06.2025 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि कोई मैनुअल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 05302025 दिनांक 13.05.2025 | | | |
| 2 | निविदा संख्या | 07/DEN-V.LKO/2025-26, 08/DEN-V.LKO/2025-26 | | | |
| 3 | कार्य का नाम | 1 | ट्रैक डिपो गाजियाबाद या अन्य डिपो/स्थान से ट्रैक डिपो सुल्तानपुर या लखनऊ मंडल के किसी अन्य स्थान तक नियमित आधार पर पी. वे सामग्री का लोडिंग, लीडिंग और अनलोडिंग करना। | | |
| | | 2 | ट्रैक डिपो सुल्तानपुर से लखनऊ मंडल के किसी भी अन्य स्थान/डिपो तक नियमित आधार पर पी. वे सामग्री का लोडिंग, लीडिंग और अनलोडिंग करना। | | |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. | रु. 3,34,73,520.30 | 2. | रु. 2,10,32,898.06 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. | रु. 3,17,400.00 | 2. | रु. 2,55,200.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्र.सं. 01 एवं 02 के लिये | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। | | |
| 7 | निविदा खोलने का प्रारंभ | 23.05.2025 | | | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 06.06.2025, 15:00 बजे। | | | |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in | | | |

नोट:- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 1429/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# छोटी काशी कॉरिडोर को मिलेगी रफ्तार

● सीडीओ और विधायक ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध गोला गोकर्णनाथ में बन रहे भव्य कॉरिडोर की तस्वीर अब तेजी से बदलने जा रही है। गुरुवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने विधायक अमन गिरी के साथ निर्माणाधीन गोला छोटी काशी कॉरिडोर का स्थलीय निरीक्षण किया और प्रगति का जायजा लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, पीडी एसएन चौरसिया, यूपीपीसीएल के जीएम राजेश वर्मा, अवर अभियंता विवेक बाजपेई, आर्किटेक्ट उत्कर्ष शुक्ला मौजूद रहे।

**बाधाएं हटेंगी, काम बढ़ेगाः अधिकारियों को मिले स्पष्ट निर्देश**

निरीक्षण के दौरान विधायक और सीडीओ ने निर्माण में आ रही बाधाओं को लेकर संबंधित विभागीय अफसरों और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों संग विस्तार से चर्चा की। मौके पर मौजूद अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को दो टूक कहा कि रुकावटें नहीं, समाधान चाहिए। हर बाधा को प्राथमिकता से दूर कर निर्माण की गति बढ़ाई जाए।

निरीक्षण के दौरान पाया कि अब तक 250 मीटर लंबी प्रस्तावित रिटेनिंग वॉल में से 170 मीटर का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष कार्य तेजी से प्रगति पर है। सीडीओ ने यह भी स्पष्ट किया कि आसपास की बस्तियों के नाले की निकासी की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि कार्यस्थल पर कोई बाधा उत्पन्न न हो। सीडीओ ने निर्देश दिए कि श्रावण मास के आरंभ से पूर्व सरोवर का सौंदर्यकरण कार्य हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए यात्री प्रतीक्षालय के डिज़ाइन में बदलाव कर उसे अधिक सुविधाजनक और आधुनिक बनाया जाएगा। कॉरिडोर परिसर में प्रस्तावित 11 मंदिरों के निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा गया है। साथ ही पुराने मंदिरों की मूर्तियों को ससम्मान पुनः स्थापित किया जाएगा, ताकि परिसर अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को और अधिक प्रखर कर सके।

## पीड़ित माँ ने दी पुलिस को तहरीर

बांगरमऊ-उन्नाव। खेत जा रही किशोरी को गांव का ही युवक खेत में खींच ले गया। तथा गलत नियत से प्रयास किया गया। पीड़ित के चीखने पर आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों के दौड़ने पर आरोपी जानमाल की धमकी देकर भाग निकला। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है। बांगरमऊ क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित मां ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि बीते 13 मई को दोपहर करीब उसकी 16 वर्षीय पुत्री खेतो की तरफ जा रही थी। तभी गांव निवासी युवक उसे मक्का के खेत में खींच ले गया। तथा बुरी नियत से दबोच लिया। इस दौरान किशोरी के चीखने पर आसपास खेतो के किसान दौड़े, तो आरोपी जानमाल की धमकी देकर मौके से भाग निकला। पीड़ित मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी प्यारेलाल पुत्र अजय के खिलाफ बीएनएस की धारा 74,351(3), लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 7/8 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पत्नी से इतना प्यार की पत्नी के मरने के ग़म में अंतिम संस्कार से पहले पति ने दी जान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। शाहजहांपुर जिले में पत्नी की इलाज के दौरान मौत होने पर दुखी युवक ने खुटार के गांव सिल्हुआ में फूफा के घर आकर फंदे से लटककर जान दे दी। युवक लखीमपुर खीरी का रहने वाला था। पति-पत्नी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया.लखीमपुर के थाना मैलानी के गांव लोहचनपुर निवासी 40 वर्षीय राजीव कुमार की पत्नी कामिनी ने आठ दिन पूर्व बच्चे को जन्म दिया था। प्रसव के बाद इंफ़ेक्शन होने से उसकी हालत बिगड़ गई थी। लखीमपुर में इलाज के बाद फायदा ना होने पर राजीव ने पत्नी को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। 13 मई की शाम राजीव रुपयों का इंतजाम करने घर चला आया था। राजीव के आने के बाद उसकी पत्नी ने दम तोड़ दिया था। परिजन शव घर ले आए थे। बुधवार सुबह परिजन अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। इस बीच राजीव खुटार के गांव सिल्हुआ में अपने फूफा के घर आ गया. उसके फूफा के यहां के सभी लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने लोहचनपुर गए थे. राजीव ने फूफा के घर में रखी सीढ़ी में फंदा लगा लिया और लटककर जान दे दी. राजीव की मौत की जानकारी होने पर परिजनों में चीख-पुकार मच गई. अंतिम संस्कार रोककर राजीव के पिता अर्जुन सिल्हुआ पहुंचे. पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है।. अर्जुन ने बताया कि पुत्र राजीव और बहू कामिनी में बेहद प्रेम था। बहू की मौत के दुख में ही राजीव ने जान दी है।

# शिवाय हॉस्पिटल का अयोध्या में भव्य शुभारंभ



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अयोध्या। पावन रामनगरी अयोध्या के साकेत पुरी में स्थित पेट्रोल पंप के पास आज शिवाय हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ हुआ। इस शुभ अवसर पर क्षेत्रीय पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी, अयोध्या महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, चौगुर्जी मठ के प्रतिष्ठित महंत बृजमोहन दास महाराज, एवं भाजपा नेता करुणाकर पांडे ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर संयुक्त रूप से फीता काटकर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। अयोध्या मंडल के प्रतिष्ठित फिजिशियन डॉ. आशुतोष उपाध्याय (ख्रउउट्ट, ख्रक) ने इस अवसर पर जानकारी दी कि शिवाय हॉस्पिटल, जो पहले अयोध्या में एक अन्य स्थान पर कार्यरत था, अब और अधिक आधुनिक सुविधाओं के साथ साकेत पुरी में स्थानांतरित हो गया है। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल का मुख्य उद्देश्य कम खर्च में मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने यह भी बताया कि हॉस्पिटल में वेंटिलेटर जैसी जीवनरक्षक सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। शुभारंभ कार्यक्रम में क्षेत्रीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. आशुतोष उपाध्याय ने सभी अतिथियों और आगंतुकों का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अतुल सिंह, अवध सिनेमा अवध इंटरनेशनल स्कूल, संजय तिवारी कनक किड्स स्कूल, डिपुल पांडे और डॉ. सी.एच. दुबे भी उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन और प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पिकअप की चपेट में आकर ई-रिक्शा चालक की मौत

गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला सब्जी मंडी से सब्जी लेकर आ रहे पिकअप वाहन ने अलीगंज-बिजुआ मार्ग के बघौड़ा मोड़ पर ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। ई-रिक्शा बिछुआ मार्ग से अलीगंज की तरफ आ रहा था। हादसे में ई-रिक्शा चालक उमेश कुमार पुत्र भग्गालाल पासी निवासी रसूलपनाह की मौके पर ही मौत हो गई। पिकअप का चालक विश्व बंद उर्फ रिंकू पुत्र मैथिली शरण बाजपेई निवासी बस्तौली घायल हो गया। उसे पुलिस ने एंबुलेंस से गोला सीएससी भेजवाया। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि पिकअप अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया वहीं ई रिक्शा के आगे का पहिया निकल गया। उमेश कुमार ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। गोला कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी अलीगंज में गोला सब्जीमंडी से सब्जी लेकर आ रही पिकअप ने अलीगंज-बिजुआ मार्ग के बघौड़ा मोड़ पर ई-रिक्शा को चपेट में ले लिया।

# कम लागत में अधिक गन्ना उत्पादन हेतु कृषि वैज्ञानिकों ने दिए महत्वपूर्ण टिप्स

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




गोला गोकर्णनाथ खीरी। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला परिक्षेत्र के ग्राम मूड़ाअस्सी में प्रगतिशील कृषक प्रमोद वर्मा की चौपाल पर वृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान शाहजहांपुर के सहा0 निदेशक/वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ पी0 के0 कपिल, जमुनाबाद फ़ार्म के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 सरनाम सिंह व गन्ना विकास निरीक्षक मोहम्मद अकरम एवं मिल परिक्षेत्र के लगभग 134 किसानों ने भाग लिया। सहायक महाप्रबंधक गन्ना ओ0 डी0 शर्मा ने गोष्ठी में आए सभी अतिथियों व सम्मानित कृषकों का स्वागत व अभिनन्दन किया तथा बताया कि इस समय गन्ना सर्वेक्षण कार्य चल रहा है, सभी कृषक बंधुओं से अनुरोध कि अपने अपने खेत पर पहुंचकर अपना सर्वे सही से दर्ज करा लें,जिससे पेराई सत्र में सप्लाई सम्बन्धी किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। डॉ0 पी0 के0 कपिल ने फसल सुरक्षा प्रबन्धन पर चर्चा करते हुए चोटी बेधक ''टॉप बोरर,, कीट व पोक्का बोइंग बीमारी की पहचान व बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही यह भी बताया कि यूरिया की अंतिम खुराक बरसात से पूर्व देकर मिट्टी अवश्य चढ़ा दे तथा बरसात का इंतजार न कर,फसल को नुकसान से बचाने हेतु समय से सिचाई करने की सलाह दी।

इसी क्रम में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ सरनाम सिंह ने वर्तमान में गन्ने की फसल में लगने वाले कीट बीमारियों से किसानों को सजग रहने को कहा,गन्ना विकास निरीक्षक मोहम्मद अकरम ने सर्वे/सट्टा व समिति द्वारा चलायी जा रही गन्ना विकास सम्बन्धी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गोष्ठी का मंच संचालन कर रहे प्रबन्धक गन्ना सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि चीनी मिल द्वारा सब्सिडी पर एग्री इनपुट उपलब्ध कराया जा रहा है जिसे प्राप्त कर लग रही कीट बीमारियों से बचाव हेतु खेतों में समय से प्रयोग कराये एवं वैज्ञानिकों द्वारा दिए गए सुझावों को अपनी फसलो में प्रयोग करके अधिक से अधिक पैदावार प्राप्त करें। अन्त में कृषक गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे प्रगतिशील कृषक रामकुमार वर्मा ने गोष्ठी में आये सभी आगंतुकों का आभार व आशीर्वचनों के साथ गोष्ठी का समापन किया गोष्ठी में राकेश कुमार जायसवाल, पुत्तूलाल वर्मा,शिवाजी वर्मा,पीताम्बर लाल वर्मा,राकेश वर्मा आदि सैकडों कृषक व उपप्रबंधक गन्ना राजेश मिश्र सहा0 अधिकारी गन्ना रावेन्द्र वर्मा,कामदार रामआसरे सहित समिति व मिल के तमाम गन्ना विकास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## एनएच-730 पर अनियंत्रित टैंकर की चपेट में आकर मंदबुद्धि युवक की दर्दनाक मौत

धौरहरा, खीरी। गुरुवार दोपहर लगभग 11 बजे एनएच-730 (पीलीभीत-बस्ती हाईवे) पर एक हृदयविदारक सड़क हादसे में एक मंदबुद्धि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम मुरावनपुरवा निवासी 40 वर्षीय मनोहर लाल पुत्र बदलू के रूप में हुई है। वह हाईवे किनारे ग्राम पल्टूपुरवा के पास प्लास्टिक और डिब्बे बीन रहा था, तभी लखीमपुर की ओर से आ रहे एक अनियंत्रित टैंकर (नंबर ठइ-21-क्ना-8920) ने उसे टक्कर मार दी। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर क्षेत्राधिकारी धौरहरा प्रीतम पाल सिंह व कोतवाल सुरेश मिश्रा तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी प्रीतम पाल सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। दुर्घटनाग्रस्त टैंकर को कब्जे में लेकर मामले की जांच व अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## दबंग माफियाओं द्वारा लगातार जारी अवैध खनन

लखीमपुर खीरी। एक तरफ यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ अवैध खनन माफियाओं माफियाओं पर कड़ी कार्यवाही करने की बात करते है,वहीं दूसरी तरफ निघासन क्षेत्र मे जिम्मेदार लोगों और निघासन के भाजपा नेता ने अवैध खनन का जिम्मा ले रक्खा है।तहसील निघासन क्षेत्र में अफसरों की लापरवाही से अवैध खनन ने एक विशाल व्यापार का रूप ले लिया है। शाम होते ही निघासन के लालपुर में खनन माफियाओं द्वारा रात होते ही खनन जोरों से शुरू हो जाता है। मिट्टी और बालू भरी कई दर्जन ट्रैक्टर-ट्रालियां रात 8 बजे से ले कर सुबह 6 बजे से तक बेखौफ होकर दौड़ती हैं।हालांकि कई बार एसडीएम राजीव निगम द्वारा अवैध खनन माफियाओं पर कार्यवाही भी की गई साथ ही ट्रैक्टर ट्रॉली भी सीज की गई।इसके बाद भी माफियाओं में पुलिस और प्रशासन का कोई खौफ नजर नहीं आ रहा है। निघासन क्षेत्र मे लालपुर के इसराइल, नबाबू,छोटे,असरुद्दीन, सनाउल्ला, मिठ्ठ,दौलत, जुम्मन पुरवा निवासी गुड्डू के द्वारा बड़े पैमाने पर मिट्टी और बालू का खनन किया जा रहा है। ये खनन माफिया रात के अंधेरे मे कई दर्जन ट्रैक्टर ट्रालियों के साथ लालपुर, मझली पुरवा, बुद्धा पुरवा, तमोलिन पुरवा, झंडी निघासन मे भारी मात्रा अवैध खनन किया जा रहा है।अगर ऐसे खनन होता रहा तो इस बार नदी का रुख आबादी की तरफ और अधिक विकराल होगा।

## छात्र युवराज सिंह ने सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट में किया कॉलेज टॉप



गोला गोकर्णनाथ खीरी। हरि माया इंटरनेशनल स्कूल लखीमपुर के कुंभी गांव निवासी छात्र युवराज सिंह सिसोदिया पुत्र प्रदीप सिंह सिसोदिया एडवोकेट ने सीबीएसई बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में 94.2 प्रतिशत अंक पाकर अपना, परिवार एवं कालेज का नाम रोशन किया है, युवराज सिंह अपनी दो बहनों में अकेला सबसे छोटा भाई है जबकि बड़ी बहन साक्षी सिंह सॉफ्टवेयर इंजीनियर है वही उससे छोटी बहन राशिका सिंह फैशन डिजाइनर है। होनहार छात्र युवराज सिंह सिसोदिया ने अपनी इस कामयाबी पर अपने विद्यालय के टीचरों एवं अपने परिवार पिता प्रदीप सिंह एडवोकेट एवं माता अंजली सिंह बड़ी बहनो साक्षी सिंह, राशिका सिंह तथा अपने चाचा पूर्व ब्लाक प्रमुख कुंभी धर्मेंद्र सिंह को श्रेय दिया है पूर्व ब्लाक प्रमुख चाचा धर्मेंद्र सिंह एवं कुंभी वासियों ने छात्र युवराज सिंह अपने गांव के बेटे को बधाइयां दी हैं। छात्र युवराज सिंह सिसोदिया ने बताया कि वह आगे चलकर इंजीनियर बनना चाहता है।

## झांसी के किसानों और युवाओं को मिलेगी फूड प्रोसेसिंग की ट्रेनिंग

झांसी। योगी सरकार किसानों और युवाओं को फूड प्रोसेसिंग से संबंधित प्रशिक्षण देकर उन्हें उद्यमिता से जोड़ने का काम कर रही है। झांसी के राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र पर कई तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं, जिनके अंतर्गत नाम मात्र के शुल्क पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए मई महीने में आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी जबकि जुलाई में प्रशिक्षण की शुरुआत हो जाएगी। प्रशिक्षण केंद्र में कई तरह के कार्यक्रम चलाए जाते हैं। 15 दिनों के कार्यक्रम में फल, सब्जी से बनने वाले अचार-मुरब्बे आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। एक महीने के कार्यक्रम में फल, सब्जी से बनने वाले उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाती है। एक महीने का बेकरी कोर्स भी संचालित किया जाता है।

# 3 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म पड़ोस में ही रहने वाले एक युवक ने किया दुष्कर्म

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अजान खीरी। थाना हैदराबाद की अजान चौकी क्षेत्र के एक गांव में पड़ोस में ही रहने वाले एक युवक ने तीन साल की बच्ची को बहला फुसलाकर अपने घर ले जाकर बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है।जानकारी अनुसार पीड़ित बच्ची मंगलवार की शाम करीब 6 बजे घर के बाहर खेल रही थी।इसी दौरान आरोपी युवक ने उक्त बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने पास बुला लिया। फिर आरोपी युवक, मासूम बच्ची को चॉकलेट टाफी देकर अपने साथ घर के कमरे में ले गया और उससे दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। जब बच्ची की रो रो कर तबीयत बिगड़ी तो आरोपी डर कर उसे घर के बाहर 5 रुपये देकर छोड़ दिया। इस दौरान वहां पर कुछ लोगों ने बच्ची को घर के बाहर छोड़ते युवक को देख लिया था। बच्ची रोते हुए डरी सहमी अपने घर पहुंची जिसपर परिजनों को लगा की उसे किसी ने मारा होगा। फिर किसी तरह बच्ची की मां ने खाना पिला खिलाकर उसे सुला दिया रात करीब 10 बजे मासूम बच्ची जागी तो उसे टायलेट लगा थी जब मासूम बच्ची टायलेट गई तो उसे दर्द हुआ और उसके गुप्तांग अंग से ब्लड आ गया जिसपर मासूम बच्ची के पिता ने उससे पूछा तो रो रो कर बताया पड़ोस के एक युवक ने हमें कमरे में बंद कर दिया था। मासूम बच्ची की मां ने उसकी हालत देखकर उनके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। सुबह जब हुई तो उसके परिजनों ने आनन-फानन में हैदराबाद पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की और बच्ची को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भेजा जहां बच्ची की हालत ठीक थी।जिसपर पुलिस ने तुरंत बच्ची का मेडिकल जांच करा कर। पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी बब्लू उर्फ़ ब्रजेश कुमार को गिरफ्तार कर धारा 65(2) उगट्ट व 5ख्र/6 पाक्सो एक्ट बनाम बबलू उर्फ ब्रजेश पुत्र स्व0 दीनदयाल के पंजीकृत कर न्यायालय सम्मुख भेजा गया। मामले की विवेचन थानाध्यक्ष द्वारा की जा रही है।

## भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने संगठन का स्थापना दिवस मनाया



अजान खीरी। गोला तहसील क्षेत्र के ग्राम पकरिया में भारतीय किसान यूनियन (अराज नैतिक) के पदाधिकारी ने 3 वर्ष पूर्ण होने पर पर संगठन का स्थापना दिवस मनाया जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन ने कहा कि हमारा संगठन विचारधारा का संगठन है हमारे संगठन ने ही पिछले साल शक्ति भवन लखनऊ में धरना प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से या निवेदन किया था कि किसानों का बिजली बिल माफ हो मुख्यमंत्री जी ने संगठन की बात सुनकर उत्तर प्रदेश के सभी किसानों के ट्यूबल बिल माफ किए थे हमने विचारधाराओं के आधार पर किसानों के हितों के लिए काम किया है और काम करते रहेंगे किसानों को जब भी हमारी कहीं जरूरत पड़ेगी तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का पूरा परिवार गरीब किसानों मजदूरों के साथ हमेशा साथ खड़ा रहेगा।

# एसडीएम के आदेश से हटाया गया अवैध कब्जा

● टीम के निकलते ही फिर से दबंगई शुरु, कब्ज़ा बरकरार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। निघासन क्षेत्र मे SDM के आदेश से रास्ते का अवैध कब्जा हटाया गया था राजस्व की टीम जाते ही रास्ते को फिर से दबंगों ने बन्द कर दिया और अपनी दबंगई को जारी रखा। निघासन तहसील क्षेत्र के खमरिया गांव के ही दबंग शोभनाथ व सुदर्शन पुत्रगण परमा ने रास्ते पर अवैध कब्जा कर रखा है। लाचार दलित विधवा चंद्रवती पत्नी स्वर्गीय अच्छे लाल ने घर के सामने वाली रास्ते पे अवैध कब्जे की शिकायत की थी। उसी एप्लिकेशन को संज्ञान में लेकर एसडीएम के आदेश पर दिनांक 20/03/2025 को राजस्व व पुलिस की संयुक्तटीम ने अवैध कब्जे हटाया। राजस्व व पुलिस टीम जाने दो दिन के बाद में फिर से घर के सामने रास्ते की जमीन पे अवैध कब्जा कर लिया है। खमरिया गांव के छोट भईया सपा नेता ने दिया अश्वासन की तुम दुबारा घर की रास्ता कब्जा करो तुम्हारा कुछ नहीं होगा में सब देख लूंगा और बात कर लूंगा। विधवा चंद्रवती पत्नी स्व अच्छेलाल के घर का रास्ता 15 से 20 साल पुराना है लेकिन पड़ोस के ही दबंगों ने कब्जा रखा है अब देखा जाए तो बेबस महिला क्या कर सकती है घर जाने का कोई दूसरा रास्ता नही है। दुबारा घर के रास्ते पे कब्जा 22/03/2025 को करीब शाम 7 बजे किया गया अभी तक कोई भी अधिकारियों की नजर नहीं पड़ रही है। पीड़ित ने थाने में एप्लिकेशन भी दे रखी है लेकिन पुलिस अभी तक उसको संज्ञान मे लेकर कोई भी कार्यवाही नहीं की है। कब्जे को अभी दो से ढाई महीने हो गए है लेकिन किसी भी अधिकारियों की नजर नहीं पड़ी रही है। प्रशासन का दबंगों के ऊपर कोई खौफ नहीं है और पीड़िता दर दर ठोकर खाने को मजबूर है।

## भारत नेपाल सीमा के निकट 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। जिले के थाना संपूर्णानगर क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा के निकट पुलिस ने बृहस्पतिवार को 25 हजार रुपये के इनामी गैंगस्टर राज सिंह उर्फ राजू को गिरफ्तार कर लिया। वह काफी समय से गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ जनपद खीरी और पीलीभीत में कई मामले दर्ज हैं। पड़ोसी जिला पीलीभीत के थाना हजारा अंतर्गत ग्राम टाटरगंज का निवासी राज सिंह उर्फ राजू शातिर अपराधी बताया जा रहा है। गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में थाना संपूर्णानगर की पुलिस को राजू की तलाश पिछले कई महीनों से थी। बृहस्पतिवार को मुखबिर के जरिए पुलिस को सूचना मिली कि राजू संपूर्णानगर क्षेत्र में गोविंद नगर गन्ना सेंटर के पास मौजूद है। इस पर पुलिस ने मौके पर घेराबंदी करके राजू को धर दबोचा। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त राज सिंह उर्फ राजू का चालान न्यायालय भेजा गया है। वहीं अभियुक्त राजू की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना संपूर्णानगर के प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह, एसआई अनिल सिंह और कांस्टेबल अंकित कुमार, संदीप कुमार व नरेंद्र कुमार शामिल है।

# ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा शिकायती पत्र

● दबंगों द्वारा पूजा स्थल परिसर में कब्जे को लेकर कब्जेदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की उठाई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांगरमऊ-उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दबंगों द्वारा पूजा स्थल परिसर में कब्जा करने का मामला सामने आया है। गांव के करीब 24 से ज्यादा महिला और पुरुष तहसील कार्यालय पहुँचकर एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर कब्जेदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई। ग्राम अतरधनी के मजरा नगरा के ग्रामीणों द्वारा एसडीएम शुभम यादव को सौंपे गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि गांव की आबादी के बगल में ही देवी जी का प्राचीन मंदिर स्थित है। मंदिर परिसर की भूमि राजस्व अभिलेखों में आबादी और खाद के गड्डों के नाम सुरक्षित दर्ज है। किंतु यह भूमि पुरातन से आध्यात्मिक कार्यक्रम के प्रयोग में होती रही है। शिकायती पत्र में ग्रामीणों द्वारा आरोप लगाया गया है कि गांव के ही दो दबंगों द्वारा गुरुवार की सुबह मंदिर परिसर की सरकारी भूमि पर जबरन कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। ग्रामीणों ने जब निर्माण कार्य रोकने का प्रयास किया तो दबंग झगड़े पर अमादा हो गए। तब गांव के संतोष कुमार, राम कुमारी, सियाराम, शांती देवी, कल्लो, रामदेवी, संध्या, भैयालाल व देशराज सहित करीब 24 से अधिक ग्रामीण बांगरमऊ के तहसील कार्यालय पहुँचें, और एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर दबंग अवैध कब्जेदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की एसडीएम शुभम यादव ने इस मामले में ग्रामीणों को राजस्व अभिलेखों के आधार पर मौके की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## तिलहर पहुंचे डीएम, रेलवे क्रासिंग का किया स्थलीय निरीक्षण



शाहजहांपुर। जनपद शाहजहांपुर की तहसील तिलहर में बाईपास स्थित रेलवे क्रासिंग पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए डीएम धनमेंद्र प्रताप सिंह ने गुरुवार को स्थलीय निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने एसडीएम तिलहर, अधिशासी अधिकारी से जानकारी हासिल की। दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु अधीनस्थों और पुलिस विभाग के अधिकारियों से बात की।इस दौरान क्रासिंग के दोनों तरफ सांकेतिक चिन्ह,रेडियम पट्टी, चेतावनी बोर्ड, स्पीड ब्रेकर बनवाने के निर्देश दिए।साथ ही पुलिस बल की नियमित तैनाती सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही क्रासिंग के स्थाई समाधान हेतु कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।इस दौरान डीएम धनमेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जनता की सुरक्षा व्यवस्था हमारी प्राथमिकता है। दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

# जलालाबाद क्षेत्र के कई बेरोजगारों से ठगी, कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी का अभियोग दर्ज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर। जनपद के जलालाबाद क्षेत्र के कई लोगों से मेडिकल कालेज में नौकरी लगवाने के नाम पर रुपए ठगने का आरोप लगा है. ग्राम पंचायत अधिकारी व उनकी डाक्टर पत्नी पर न्यायालय के आदेश पर धोखाधड़ी करने व जान से मारने की धमकी देने का अभियोग दर्ज किया गया। खबर की जानकारी पीड़ित ने शुक्रवार दिन के 12:00 बजे। इस संबंध में जलालाबाद के मुहल्ला महाजनान के देवेश पाल ने बताया कि वर्ष 2019 में वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते थे। उसी समय कांट ब्लाक में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी अनिल वर्मा व मेडिकल कालेज में तैनात उनकी पत्नी डा. अंकिता वर्मा से मुलाकात हुई थी। उन्होंने मेडिकल कालेज में नौकरी लगवाने का झांसा दिया गया। पूर्व से परिचित होने के नाते कम्प्यूटर आपरेटर पद के लिए अनिल को दो लाख रुपये दे दिए थे। कुछ दिन बाद देवेश ने अपने तीन रिश्तेदार मदनापुर के पेहना गांव निवासी सत्यवीर, मनोज व उनके भाई प्रदीप, मिर्ज़ापुर निवासी अनुज पांडेय, श्याम सुंदर से भी डेढ़-डेढ़ लाख रुपये ले लिए थे। उन्हें ना तो नौकरी मिली ना ही आरोपी पैसे वापस कर रहा है। काफी समय बीतने के बाद भी किसी को न काम मिला और न ही रुपये वापस किए गए। आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। देवेश ने पुलिस को तहरीर दी गई लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में उन्होंने अब न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में अभियोग दर्ज कराया गया।

# आईपीएल 2025: अब टीमें विदेशी खिलाड़ियों की जगह ले सकेंगी नए खिलाड़ी, लेकिन नहीं कर सकेंगी रिटेन

एजेंसी




नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के अंतिम चरण से पहले बड़ा बदलाव किया गया है। बीसीसीआई ने घोषणा की है कि टीमें अब विदेशी खिलाड़ियों की अनुपलब्धता की स्थिति में अस्थायी स्थानापन्न खिलाड़ी को शामिल कर सकती हैं। यह निर्णय उन खिलाड़ियों की अनुपस्थिति को देखते हुए लिया गया है जो या तो राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं, निजी कारणों या स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पा रहे हैं। आईपीएल फ्रेंचाइजियों को भेजे गए आधिकारिक नोट में कहा गया है,''जो खिलाड़ी इस समय से लिए जा रहे हैं, वे अगले वर्ष रिटेन नहीं किए जा सकेंगे। उन्हें आईपीएल 2026 की नीलामी के लिए फिर से पंजीकरण कराना होगा। सीजन की शुरुआत में जारी नियम पुस्तिका के अनुसार, कोई भी टीम अपने 12वें लीग मैच के बाद अस्थायी खिलाड़ी नहीं जोड़ सकती थी। लेकिन भारत-पाकिस्तान तनाव के चलते टूर्नामेंट को 8 मई से निलंबित करना पड़ा, जिससे यह अपवाद स्थिति बन गई। इस अभूतपूर्व स्थिति को देखते हुए, आईपीएल अधिकारियों ने नियमों में संशोधन कर दिया है। धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबले के अगले दिन जब सुरक्षा कारणों से स्टेडियम खाली कराया गया और टूर्नामेंट को रोका गया, तब से अधिकांश विदेशी खिलाड़ी अपने देशों को लौट चुके थे। हालांकि, आईपीएल के दोबारा शुरू होने पर अधिकांश विदेशी खिलाड़ी वापसी करेंगे, लेकिन जो खिलाड़ी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल का हिस्सा हैं या जिनके परिवार उन्हें भारत लौटने की अनुमति नहीं दे रहे, वे वापस नहीं आएंगे। इससे किसी भी टीम को नुकसान न हो, इसीलिए यह अस्थायी विकल्प का रास्ता खुला गया है। इस नए नियम का पहला उदाहरण दिल्ली कैपिटल्स की टीम में देखने को मिला है, जहां मुस्ताफिजुर रहमान को जेक फ्रेजर-मैकगर्क के स्थान पर टीम में शामिल किया गया है। इसका मतलब यह है कि रहमान को अगली सीजन के लिए रिटेन नहीं किया जा सकेगा, लेकिन मैकगर्क को टीम में बनाए रखा जा सकता है। आईपीएल 2025 में नियमों में किया गया यह बदलाव संकट की स्थिति में लीग की लचीलापन और निष्पक्षता बनाए रखने का एक प्रयास है, जिससे हर टीम को बराबरी का मौका मिल सके।

# डायमंड लीग के दोहा चरण से अभियान का आगाज करेंगे चोपड़ा , जेना भी दौड़ में

एजेंसी

दोहा। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा शुक्रवार को यहां अपने डायमंड लीग अभियान की शुरूआत करेंगे तो उनकी नजरें इस साल के आखिर में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में खिताब बरकरार रखने पर लगी होंगी। भारतीयों के बड़ी तादाद में होने से चोपड़ा को यहां काफी समर्थन मिलेगा। उनका सामना दो बार के विश्व चैम्पियन और 2024 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स, चेक गणराज्य के याकूब वाडलेश, जर्मनी के जूलियन वेबर और मैक्स डेहनिंग, कीनिया के जूलियस येगो और जापान के रॉडरिक जेंकी डीन से होगा। ये सभी बड़ी स्पर्धाओं में चोपड़ा के प्रतिद्वंद्वी रह चुके हैं। पेरिस ओलंपिक 2024 के स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम इसमें भाग नहीं ले रहे हैं। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारत के ही किशोर जेना भी 11 प्रतियोगियों में से हैं। जेना का सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 87.54 मीटर है जो पिछली बार यहां 76.31 मीटर का थ्रो लगाकर नौवे स्थान पर रहे थे। वाडलेश ने यहां 88.38 मीटर के थ्रो के साथ खिताब जीता था जबकि चोपड़ा दो सेंटीमीटर पीछे रहे थे। पीटर्स 86.62 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर थे। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने सबसे पहले 2018 में यहां डायमंड लीग में भाग लिया था और चौथे स्थान पर रहे थे। उन्होंने 2023 में यहां खिताब जीता और 2024 में दूसरे स्थान पर रहे। विश्व रिकॉर्डधारी कई बार के ओलंपिक चैम्पियन चेक गणराज्य के जान जेलेंजी से कोचिंग ले रहे चोपड़ा ने कहा ,'' कतर में भारतीयों से मिलने वाले समर्थन से मैं हमेशा अभिभूत रहता हूं। मेरे पास उनका धन्यवाद करने के लिये शब्द नहीं हैं। चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 89.94 मीटर है और वह इस बार 90 मीटर की बाधा पार करना चाहते हैं। जेलेंजी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 98.48 मीटर रहा है। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी गुलवीर सिंह और पारूल चौधरी क्रमशः पुरूष और महिलाओं की 5000 और 3000 मीटर स्टीपलचेस में उतरेंगे। चोपड़ा, पीटर्स, येगो, डीन और जेना को 24 मई को बेंगलुरू में नीरज चोपड़ा क्लासिक खेलना था लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण उसे स्थगित कर दिया गया। चोपड़ा इसके बाद पोलैंड में ओरलेन जानुज कुसोसिंकी स्मृति टूर्नामेंट खेलेंगे।वह 24 जून से चेक गणराज्य में गोल्डन स्पाइक 2025 में भाग लेंगे जहां पिछले दो सत्र में वह चोट के कारण नहीं खेल सके थे।

## संक्षिप्त समाचार

### रोहित-कोहली के संन्यास के बाद घबराने की जरूरत नहीं है : मांजरेकर

**नयी दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि विराट कोहली और संजय मांजरेकर के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि 'फैब फोर' के विदा लेने के बाद भी भारतीय क्रिकेट ने वापसी की थी। आधुनिक क्रिकेट के दिग्गजों रोहित और विराट ने एक सप्ताह के भीतर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। मांजरेकर ने 'फैब फोर' ( सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण और सौरव गांगुली) की विदाई से इसकी तुलना की। उन्होंने इंस्टाग्राम वीडियो पर लिखा कि मैं जानता हूं कि प्रशंसक चिंतित होंगे। फैब फोर के संन्यास के बाद भी ऐसी ही चिंता थी। लेकिन कुछ साल बाद भारत दुनिया की नंबर एक टेस्ट टीम बना। उन्होंने लिखा कि जब तक भारत में खेल लोकप्रिय हैं और कई प्रतिभाशाली युवा भारत के लिये खेलने को बेताब हैं और ऐसे हजारों युवा हैं। भारतीय टीम के लिये खेलने तक का सफर आसान नहीं है और यहां तक पहुंचने वाले वाकई प्रतिभाशाली होंगे। मांजरेकर ने कहा कि इसमें समय लगेगा लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। फैब फोर के जाने के बाद क्या हुआ था। हमारी गेंदबाजी बेहतर हुई। यहां भी ऐसा हो सकता है। नये सितारे आयेंगे और नये गेंदबाज भी। भारत दुनिया की आला टीमों में बना रहेगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा भारतीय टीम को इस नजरिये से भी देखा जा सकता है जिसमें विराट और रोहित टीम का हिस्सा थे लेकिन हम अपनी धरती पर न्यूजीलैंड से 3.0 से हारे और आस्ट्रेलिया में बुरी तरह हारे। इस टीम के साथ हमारे पास खोने के लिये कुछ नहीं है। नयी भारतीय टीम को शुभकामनायें।

### स्पोर्ट्सस्किल ने लॉन्च किया 'चैंपियंस क्लब एलीट पास', उभरते एथलीटों को मिलेगा राष्ट्रीय मंच

**नई दिल्ली।** भारत के होनहार युवा खिलाड़ियों को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से स्पोर्ट्स टेक प्लेटफॉर्म स्पोर्ट्सस्किल ने 'चैंपियंस क्लब एलीट पास' की शुरुआत की है। यह पास सिर्फ एक विशेषाधिकार नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है जो टॉप रैंक वाले खिलाड़ियों को देश के सर्वश्रेष्ठ संसाधनों, विशेषज्ञों और अवसरों से जोड़ता है। भारत के सबसे प्रतिष्ठित खेल संस्थानों में से एक क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) ने इस एलीट पास को समर्थन देकर इस पहल को ऐतिहासिक बना दिया है। यह पहला अवसर है जब देश का कोई शीर्ष क्लब इस प्रकार के खेल विकास मिशन से जुड़ा है। सीसीआई का समर्थन सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं बल्कि यह एक शक्तिशाली संदेश है कि भारत के शीर्ष क्लब अब अगली पीढ़ी के चैंपियनों को सशक्त बनाने के लिए आगे आ रहे हैं। भारत के महान रैकेट स्पोर्ट्स खिलाड़ी और यू.एस. स्क्वैश हॉल ऑफ फ़ेम में शामिल अनिल नायर ने इस पहल की प्रशंसा की है। 28 बार के नेशनल चैंपियन और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र अनिल नायर ने कहा, चैंपियंस क्लब एलीट पास विजेता खिलाड़ियों, क्लब सदस्यों और जूनियर्स — तीनों के लिए फायदे का सौदा है। इस तरह के सोशल इंटरैक्शन से खेल का प्रचार और क्लब की ब्रांडिंग दोनों में मदद मिलती है। यह शानदार विचार है। को-फाउंडर चेतन देसाई ने कहा, ल्लयह सिर्फ एक एंडोर्समेंट नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय आह्वान है, ताकि हर क्लब खेल प्रतिभाओं के लिए सहयोगी बने। चैंपियंस क्लब एलीट पास इसके जरिए खिलाड़ियों के साथ-साथ क्लबों की साख भी ऊंची करता है। को-फाउंडर अभिनव सिन्हा ने कहा, ल्लक्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों का समर्थन हमारे मिशन को और मजबूती देता है। अब समय आ गया है कि हर क्लब सिर्फ टूर्नामेंट का स्थल न रहे, बल्कि टैलेंट को तैयार करने का केंद्र बने। यह पास पूरी तरह प्रदर्शन आधारित है और निःशुल्क दिया जाएगा। इसके लिए खिलाड़ी का किसी एक खेल में भारत में टॉप-8 या एशिया में टॉप-16 में रैंक होना जरूरी है। फिलहाल यह पास टेनिस, स्क्वैश, टेबल टेनिस, बैडमिंटन और पिकलबॉल जैसे खेलों के खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध है। भविष्य में इसमें और खेलों को जोड़ने की योजना है।

### केपीआईएल को बिजली, भवन क्षेत्र में 2,372 करोड़ रुपये के मिले ठेके

**नयी दिल्ली।** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल को उसकी अनुषंगी कंपनियों के साथ मिलकर 2,372 करोड़ रुपये के नए ठेके मिले हैं। कंपनी की ओर से बृहस्पतिवार को जारी बयान के अनुसार, नए ठेके भारत और विदेशी बाजारों में विद्युत पारेषण एवं वितरण (टीएंडडी) खंड में मिले। भारत में भवन एवं कारखाना (बीएंडएफ) कारोबार में अतिरिक्त ठेके भी मिले हैं। कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मनीष मोहनोत ने कहा, '' टीएंडडी व्यवसाय में हासिल ठेका हमें भारत, नॉर्डिक्स और पश्चिम एशिया के तेजी से बढ़ते ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद व निर्माण)क्षेत्रों में अपनी बाजार स्थिति को बेहतर बनाने में मदद करेंगे। इसके अलावा, बीएंडएफ व्यवसाय में ठेके बड़े, प्रतिष्ठित डेवलपर से दोबारा मिले ठेक हैं३जो केपीआईएल के मजबूत 'ट्रैक रिकॉर्ड' को दर्शाता है। केपीआईएल वर्तमान में 30 से अधिक देशों में परियोजनाएं क्रियानवित कर रही है। इसकी वैश्विक स्तर पर 75 देशों में उपस्थिति है।

### वह सौ फीसदी नहीं दे पाने पर मैदान पर नहीं उतरना चाहता होगा, कोहली के संन्यास पर बोले हुसैन

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली का अपार योगदान आंकड़ों से कहीं अधिक है और किसी भी 'सामान्य' चीज से संतुष्ट न होने की उनकी अदम्य भावना ने ही शायद उन्हें संन्यास लेने के फैसले के लिये प्रेरित किया। कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से विदा ले ली। छत्तीस वर्ष के कोहली टेस्ट क्रिकेट के सबसे बड़े प्रचारक ही नहीं थे बल्कि भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान भी थे। हुसैन ने स्काय स्पोटर्स क्रिकेट पॉडकास्ट पर कहा ,'' वह चैम्पियन है। वह जीत का लक्ष्य लेकर ही खेलता है और उसके लिये बेचैन रहता है।

## सबालेंका को हराकर झेंग किंवेन इटालियन ओपन सेमीफाइनल में

रोम। चीन की ओलंपिक चैम्पियन झेंग किंवेन ने शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका को 6-4, 6-3 से हराकर इटालियन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना कोको गाफ से होगा। बाईस वर्ष की झेंग इससे पहले सबालेंका के खिलाफ छह मैच हार चुकी थी। पुरूष वर्ग में कार्लोस अल्काराज ने जैक ड्रेपर को 6-4, 6-4 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। अब उनका सामना इटली के लोरेंजो मुसेत्ती से होगा जिसने गत चैम्पियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 7-6, 6-4 से हराया। गाफ ने मिर्रा आंद्रीवा को 6-4, 7-6 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में जैसमीन पाओलिनी का सामना पेटोन स्टीयर्न्स से होगा। बुधवार को ही शीर्ष रैंकिंग वाले यानिक सिनेर ने नये पोप से मुलाकात करके उन्हें टेनिस रैकेट तोहफ़े में दिया और खेलने का न्यौता भी दिया। पहले अमेरिकी पोप लियो 14 टेनिस के प्रशंसक हैं।

# नेशनल कैंप में वापसी से उत्साहित सेल्वम कार्ति ने कहा अब लक्ष्य है टीम में जगह बनाना और गोल करना

एजेंसी



नई दिल्ली। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम तैयारियों में जुटी हुई है, जहां उनका मुकाबला नीदरलैंड्स, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया और बेल्जियम जैसी दिग्गज टीमों से होगा। इस अहम सीरीज़ से पहले भारतीय कैंप में एक नाम फिर से चर्चा में है, फारवर्ड सेल्वम कार्ति, जिन्होंने करीब 9 महीनों बाद राष्ट्रीय सेटअप में वापसी की है। तमिलनाडु से ताल्लुक रखने वाले 23 वर्षीय कार्ति ने आखिरी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। इस बार वह 40 सदस्यीय कोर ग्रुप का हिस्सा हैं। वापसी को लेकर उन्होंने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, ल्लमैं नेशनल कैंप में वापस आकर बहुत खुश हूं, लेकिन मेरा असली लक्ष्य अंतिम टीम में जगह बनाना है। मैंने अकेले भी मेहनत की है और अब कैंप में अपनी पूरी ताकत झोंक रहा हूं ताकि भविष्य के बड़े टूर्नामेंट्स के लिए भी टीम का हिस्सा बन सकूं। कार्ति ने पहले भी यूरोप में भारतीय टीम के साथ टूर किया है। वह कहते हैं, ल्लमुझे वहां खेलने का अनुभव है, लेकिन इस बार मैं सिर्फ प्रदर्शन पर ध्यान देना चाहता हूं। मेरा लक्ष्य है कि टीम के लिए अहम मौके पर गोल कर सकूं और मैच जीतने में योगदान दूं। नेशनल कैंप में कोचिंग स्टाफ और सीनियर खिलाड़ियों से बातचीत के बारे में कार्ति ने बताया, ल्लकोचों ने मुझे फिटनेस और फिनिशिंग पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी है। मैं इन दोनों पहलुओं पर विशेष मेहनत कर रहा हूं ताकि टीम में अपनी जगह पक्की कर सकूं। आगामी प्रो लीग के मुकाबलों में भारतीय टीम का सामना कड़े विरोधियों से होगा। इस बारे में कार्ति ने कहा, नीदरलैंड्स ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट हैं और उनके खिलाफ मुकाबला आसान नहीं होगा। बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना जैसी टीमें भी तेज़ हॉकी खेलती हैं, लेकिन भारतीय टीम भी उसी अंदाज़ में खेलती है। हमारा फोकस रहेगा कि हम परिस्थितियों को समझकर मैच में अपनी रणनीति लागू करें। अंत में उन्होंने कहा, फिलहाल हम कैंप में कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं, साथ ही कुछ अतिरिक्त सेशंस भी कर रहे हैं ताकि मैचों में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। मैं व्यक्तिगत रूप से भी अपने खेल को सुधारने पर ध्यान दे रहा हूं।

## दक्षिण कोरिया के स्टार फुटबॉलर सोन ह्युंग-मिन के खिलाफ ब्लैकमेलिंग की कोशिश, शिकायत दर्ज

सियोल। टोटेनहम हॉटस्पर के कप्तान और दक्षिण कोरियाई फुटबॉल स्टार सोन ह्युंग-मिन ने एक महिला द्वारा झूठे गर्भावस्था के दावे को लेकर ब्लैकमेल किए जाने की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। यह जानकारी गुरुवार को उनकी एजेंसी 'सोन एंड फुटबॉल लिमिटेड' ने दी। सोन की एजेंसी ने बयान जारी करते हुए कहा, ''फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जैसे ही परिणाम सामने आएंगे, हम जानकारी साझा करेंगे। हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि सोन ह्युंग-मिन इस मामले में पूरी तरह से पीड़ित हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पुलिस ने 20 के दशक की एक महिला और 40 के दशक के एक पुरुष को गिरफ्तार किया है। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने झूठे गर्भावस्था दावे के जरिए सोन से पैसे ऐंठने की कोशिश की। मामले की जांच सियोल के गंगनम पुलिस स्टेशन द्वारा की जा रही है।

# कतर में मुकेश अंबानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से की मुलाकात

एजेंसी



नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने गुरुवार को कतर के दोहा स्थित लुसैल पैलेस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कतर के अमीर से मुलाकात की। इस कार्यक्रम के जारी फुटेज में रिलायंस प्रमुख अमेरिकी वाणिज्य सचिव स्टीव लुटनिक के साथ बातचीत करते दिख रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के साथ मुकेश अंबानी की मुलाकात की वैश्विक व्यापारिक जगत में खूब चर्चा है। यह हाई-प्रोफाइल मीटिंग वैश्विक व्यापार और कूटनीति में मुकेश अंबानी के बढ़ते प्रभाव को दिखाती है। वे राष?ट्रपति ट्रंप के लिए कतर के अमीर की ओर से आयोजित राजकीय रात्रिभोज में मिले। इससे पहले अंबानी को ट्रंप और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी दोनों से अभिवादन करते देखा गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद उद्योगपति मुकेश अंबानी की उनसे यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले जनवरी में मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। कतर के सॉवरेन वेल्थ फंड, क्यूआईए ने पिछले कुछ सालों में रिलायंस के कारोबार में निवेश किया है। मुकेश अंबानी की गूगल और मेटा जैसी अमेरिकी टेक दिग्गजों के साथ भी अहम साझेदारी है। ऐसे में यह बैठक रिलायंस इंडस्ट्रीज के लिए अंतरराष्ट्रीय साझेदारी और निवेश संभावनाओं को और मजबूत करती है।

## ट्रंप ने भारत के अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क को शून्य करने की पेशकश देने का दिया संकेत

दोहा (कतर)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत ने अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क को शून्य करने की पेशकश की है, हालांकि भारत की ओर से अभी तक इसकी कोई पुष्टि नहीं की गई है। ट्रंप ने पश्चिम एशिया की यात्रा के दौरान कतर की राजधानी दोहा में आयोजित व्यापारिक गोलमेज सम्मेलन में यह बात कही। इससे पहले उन्होंने एप्पल द्वारा वहां अपने आईफोन के लिए विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की योजना पर चर्चा की। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा, '' भारत में बिक्री करना बेहद कठिन है और उन्होंने हमें एक ऐसा समझौता पेश किया है जिसके तहत वे मूलतः हमसे कोई शुल्क नहीं लेने को तैयार हैं। भारत, अमेरिका का करीबी साझेदार है और क्वाड का हिस्सा है। क्वाड चार देशों का एक समूह है जिसमें ऑस्ट्रेलिया, भारत, अमेरिका और जापान शामिल हैं। यह समूह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।

# टीसीएस विश्व के शीर्ष 50 ब्रांडों में शामिल

एजेंसी

मुंबई। सूचना-प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को प्रतिष्ठित कंटार ब्रांड्ज़ मोस्ट वैल्यूएबल ग्लोबल ब्रांड्स रिपोर्ट में दुनिया के 100 सबसे मूल्यवान ब्रांडों में शामिल किया गया है। टीसीएस को वैश्विक ब्रांड मान्यता में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। प्रतिष्ठित कंटार ब्रांड्ज़ मोस्ट वैल्यूएबल ग्लोबल ब्रांड्स 2025 रिपोर्ट में टीसीएस को दुनिया के 100 सबसे मूल्यवान ब्रांडों में शामिल किया गया है, जहां वह 45वें स्थान पर पहुंच गया है। कंपनी का ब्रांड मूल्य 28 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 57.3 अरब डॉलर आंका गया है। यह उपलब्धि टीसीएस के सतत विपणन प्रयासों, वैश्विक खेल साझेदारियों, नवाचार और ब्रांड संचार में उत्कृष्टता को दर्शाती है। मोमेंटम-आईटीएसएमए द्वारा किए गए स्वतंत्र ब्रांड ऑडिट में यह भी सामने आया कि दुनिया भर के 95 प्रतिशत व्यावसायिक अधिकारी टीसीएस ब्रांड से परिचित हैं, जो 2010 में केवल 29 प्रतिशत था। टीसीएस के ब्रांड निर्माण में इसकी 14 वैश्विक मैराथन आयोजनों की प्रायोजक भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण रही है। इनमें टीसीएस न्यूयॉर्क सिटी मैराथन, लंदन मैराथन और सिडनी मैराथन शामिल हैं। इन आयोजनों में प्रतिवर्ष छह लाख से अधिक धावक भाग लेते हैं और 2024 में उन्होंने स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं में 2.25 अरब डॉलर का योगदान दिया। साथ ही 27.9 करोड़ डॉलर की राशि धर्मार्थ कार्यों के लिए जुटाई गई। कंटार ब्रांड्ज़ के प्रमुख मार्टिन गुएरिएरिया ने कहा, टीसीएस का प्रदर्शन इसके कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्षमताओं और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे ब्रांड का वैश्विक प्रभाव लगातार बढ़ रहा है।

## टाटा ऑटोकॉम्प, कैटकॉन ने उत्तरी अमेरिका के लिए उन्नत कंपोजिट बनाने हेतु बनाया संयुक्त उद्यम

मुंबई, 15 मई (भाषा) मोटर वाहन कलपुर्ज़ा विनिर्माता कंपनी टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स ने उत्तरी अमेरिकी बाजार के लिए उन्नत कंपोजिट बनाने के लिए मेक्सिको स्थित कैटकॉन ग्लोबल के साथ एक रणनीतिक संयुक्त उद्यम बनाया है। टाटा ऑटोकॉम्प ने बयान में कहा, इस उद्यम के जरिये यात्री एवं वाणिज्यिक वाहनों, कृषि ट्रैक्टर, 'ऑफ-रोड' वाहन और विशेष गैर-मोटर वाहन खंडों के लिए हल्के अनुप्रयोगों में विशेषज्ञता हासिल की जाएगी। मोटर वाहन उद्योग के लिए एक वैश्विक आपूर्तिकर्ता कैटकॉन ग्लोबल एग्जॉस्ट सिस्टम, थर्मल इंसुलेशन व उन्नत सामग्री घटकों में विशेषज्ञता रखता है। कंपनी आठ देशों में 11 विनिर्माण सुविधाओं और पांच प्रौद्योगिकी केंद्रों के साथ काम करती है। टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स लिमिटेड के वाइस चेयरमैन अरविंद गोयल ने कहा, '' यह पहली बार है जब हम ऐसी साझेदारी कर रहे हैं, जिसमें हम मुख्य प्रौद्योगिकी का योगदान दे रहे हैं। इसे हम अपनी पिछली साझेदारी की तुलना में 'रिवर्स मॉडल' के रूप में देखते हैं। कैटकॉन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कार्लोस टर्नर ने कहा, '' कैटकॉन की उन्नत कंपोजिट प्रौद्योगिकियों को टाटा ऑटोकॉम्प की गहन उद्योग विशेषज्ञता के साथ संयोजित कर.. हम अभिनव, हल्के समाधान प्रदान करने की स्थिति में हैं, जो उत्तरी अमेरिकी मोटर वाहन बाजार की उभरती जरूरतों के अनुरूप है।

# यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में चार प्रतिशत बढ़कर 3,48,847 इकाई पर

एजेंसी



नयी दिल्ली। देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर 3,48,847 इकाई हो गई। उद्योग निकाय संगठन सियाम ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अप्रैल 2024 में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 3,35,629 इकाई रही थी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, '' यात्री वाहन खंड ने अप्रैल 2025 में 3.49 लाख इकाइयों की अपनी अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की, जो अप्रैल 2024 की तुलना में 3.9 प्रतिशत अधिक है। सियाम की ओर से जारी बयान के अनुसार, अप्रैल में कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 17 प्रतिशत घटकर 14,58,784 इकाई रह गई। अप्रैल 2024 में बाइक, स्कूटर और मोपेड की थोक बिक्री 17,51,393 इकाई रही थी। स्कूटर की बिक्री पिछले महीने 5,48,370 इकाई रही, जो अप्रैल 2024 की 5,81,277 इकाई से छह प्रतिशत कम है। मोटरसाइकिल की बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 23 प्रतिशत घटकर 8,71,666 इकाई रह गई। मोपेड की थोक बिक्री 38,748 इकाई रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की 41,924 इकाई की तुलना में आठ प्रतिशत कम है। मेनन ने कहा कि मोटर वाहन उद्योग ने अप्रैल 2025 से दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए 'ऑन-बोर्ड डायग्नोस्टिक्स' (ओबीडी) दो विनियमन के दूसरे चरण की नई नियामक व्यवस्था को सुचारू रूप से अपना लिया है। इसके अलावा इस महीने से समूचे देश में ई-20 अनुरूप पेट्रोल वाहन भी पेश कर दिए गए। ई-20 अनुरूप पेट्रोल वाहन ऐसे पेट्रोल वाहन होते हैं जो ई-20 ईंधन (20 प्रतिशत एथनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल का मिश्रण) का इस्तेमाल करने में सक्षम होते हैं।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सााई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद वीरों के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा

■ बोले युवा—आज पूरे भारतवासी सेना के शौर्य एवं पराक्रम से गौरवान्वित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। भारतीय सेना के प्रचंड पराक्रम के प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद वीरों के सम्मान में गुरूवार को चांदपुर चौराहा से विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ भाजपा कायकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली।

मोढ़ैला तक निकली तिरंगा यात्रा में भाजपा काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल,वाराणसी जिलाध्यक्ष व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा,रोहनिया के पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह 'औढ़े',पिंडरा विधायक डॉ अवधेश सिंह,अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने भी पूरे उत्साह के साथ समर्थकों संग भागीदारी की। पूरे यात्रा के दौरान कार्यकर्ता तिरंगा लहराते हुए सेना के समर्थन में गगनभेदी नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। विधायकों ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि आज पूरे भारतवासी सेना के शौर्य एवं पराक्रम से गौरवान्वित हैं। भारतीय सेना के वीर जवानों के उत्साहवर्धन के लिए देश का एक-एक नौजवान आज सड़कों पर उतर कर उनके सम्मान के लिए खड़ा है । पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सलाम कर रहा है। भारत की सामरिक शक्ति की अब पूरी दुनिया लोहा मान रही है। नेताओं ने कहा कि नौजवानों की शुभकामनाएं सेना के साथ है। बाबा श्री काशी विश्वनाथ से प्रार्थना है देश के प्रधानमंत्री मोदी को स्वस्थ और मजबूत रखें । गीदड़ धमकी देने वाले पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए हमारे देश की सेना पर्याप्त है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का संदेश कार्यकर्ताओं ने जनमानस तक पहुंचाने के लिए यात्रा में तख्तियां भी लहराई। इस दौरान राष्ट्रप्रेम और सेना के प्रति सम्मान का भाव उनके चेहरे से झलक रहा था।

## मुठभेड़ में दो लुटेरे गिरफ्तार, गोली लगने से घायल

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम ने बुधवार देर रात दो लुटेरों अरबाज व जफरूद्दीन को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से घायल दोनों लुटेरों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने मोबाइल व चैन लूट की घटनाओं को अंजाम दिया था। अपर पुलिस अधीक्षक देहात अखिलेश भदौरिया ने बताया कि थाना शिकोहाबाद के मोहल्ला खेड़ा निवासी गुलशन कुमार से बीडीएम कालेज के सामने से स्पलेन्डर सवार तीन लड़के उनका मोबाईल फोन लूट ले गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी। लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमों का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि थाना शिकोहाबाद प्रभारी प्रदीप कुमार बुधवार की देर रात पुलिस टीम के साथ क्षेत्र के गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि लूट करने वाले अभियुक्त मोटर साइकिल पर भगवन्त वाले बाग तिराहे पर फिर से किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में खडे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो मोटरसाइकिल सवार तीन संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। पुलिस टीम ने इन्हें रोकने का प्रयास किया। खुद को घिरता देख संदिग्ध व्यक्तियों ने पुलिस टीम पर फायर किया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में दो संदिग्ध व्यक्तियों के पैर में गोली लगी। जिससे वह घायल हो गये। घायल व्यक्तियों की पहचान थाना शिकोहाबाद में दर्ज लूट की घटना में संलिप्त अभियुक्तगण अरबाज पुत्र आरिफ व जफरूद्दीन पुत्र निसारूद्दीन निवासीगण मियां बाजार कस्बा व थाना सिरसागंज के रुप में हुई है। इनका एक सहअभियुक्त नवीहसन अंधेरा का फायदा उठाकर फरार हो गया। एएसपी ने बताया कि घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# बोलेरो चोरों से रक्सा व स्वाट टीम की मुठभेड़ एक बदमाश घायल व दूसरे ने किया समर्पण



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

■ चोरी की बोलेरो,तमंचा, कारतूस व मोबाइल बरामद

झांसी। थाना रक्सा पुलिस और स्वाट की संयुक्त टीम की कार्यवाही के चलते बुधवार देर रात दो बदमाशों से हुई मुठभेड़ के दौरान उन्हें दबोच लिया। मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। तो वही दूसरे ने घबराकर पुलिस के सामने समर्पण कर दिया। पुलिस टीम ने घायल बदमाश को अस्पताल भिजवाया और उसके साथी को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से चोरी की बोलोरो गाड़ी,तमंचा कारतूस,व मोबाइल फोन आदि बरामद कर लिया।

एसपी सिटी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि पांच मई को राजेश राय ने रक्सा थाना में अपनी बोलेरो गाड़ी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी थी। इस घटना का खुलासा करने में लगी रक्सा थाना पुलिस और स्वाट टीम को बुधवार देर रात सूचना मिली कि गाड़ी चोरी करने वाले बदमाश पुनावली से होते हुए मध्यप्रदेश उसी गाड़ी से जा रहे है। इस सूचना पर स्वाट और रक्सा पुलिस वहां पहुंची और घेराबंदी कर बदमाशों की तलाश में लग गई। तभी बोलेरो गाड़ी आती हुई दिखाई दी। जिसे पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो बदमाश भागने लगे। एक बदमाश अजय उर्फ रिंकू निवासी हरियाणा हाल निवासी मध्यप्रदेश भिवानी ने पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया और भागने लगा। पुलिस की स्वाट और रक्सा पुलिस ने भी जवाबी कार्यवाही में फायरिंग की तो एक गोली अजय उर्फ रिंकू के पैर में जा लगी। जिससे वह घायल हो गया। वहीं उसके दूसरे साथी दीपक ने घबराकर पुलिस के सामने समर्पण कर दिया। पुलिस टीम ने इनके कब्जे से बोलेरो गाड़ी सहित मोबाइल फोन, तमंचा कारतूस आदि बरामद कर लिए है। घायल का उपचार अस्पताल में हो रहा है।

# अयोध्या में भी निकाली गई तिरंगा यात्रा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में भी गुरुवार की सुबह तिरंगा यात्रा निकाली गई । तिरंगा यात्रा में नगर निगम महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रुदौली विधायक रामचन्द्र यादव,समाजवादी पार्टी के बागी विधायक अभय सिंह के साथ भाजपा महिला मोर्चा की मातृ शक्तियां और कार्यकर्ता शामिल रहे। यात्रा सिविल लाइन गांधी पार्क से प्रारम्भ होकर, चौक शहीद स्मारक स्थल पर समाप्त हुई। पाकिस्तान पर भारत के ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के बाद देश के सभी जगहो पर तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है । यहां रामनगरी में भी भाजपाइयों ने तिरंगा यात्रा निकाली । तिरंगा यात्रा में भारत मां की जयकारे लगे।

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दंपति की मौत, बाल-बाल बचा बेटा

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में कलेक्ट्रेट गेट के पास ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार दंपति की मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा बेटा बाल बाल बच गया। राबर्ट्सगंज कोतवाल सत्येंद्र राय ने बताया कि कोन थाना क्षेत्र के कचनरवा गांव निवासी धर्मेन्द्र कुमार अपने पिता 60 वर्षीय अमृत उरांव व माता 55 वर्षीय मंतोरनी देवी को बाइक पर बैठाकर इलाज के लिए राबर्ट्सगंज आया था। पिता को शरीर में सूजन था जिसके इलाज के लिए यह लोग सुबह भोर में ही अपने गांव से निकले थे और सुबह 07 बजे राबर्ट्सगंज स्थिति मिशन हास्पिटल आ गए थे। इलाज के बाद यह लोग कलेक्ट्रेट की तरफ जा रहे थे तभी एकाएक तेज रफ्तार ट्रक के नीचे आ गए जिससे बाइक सवार पिता अमृत उरांव व उनकी पत्नी मंतोरनी देवी की मौत घटना स्थल पर ही हो गई, जबकि बेटा धर्मेंद्र बाल बाल बच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पहुंच गई और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक दंपति के पुत्र ने बताया की हमारी शादी माता पिता ने तय किया था जो 29 मई को होनी था। आज हम पिता के इलाज के लिए आये थे तभी यह घटना हो गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया है। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह संपादक**
डॉ. सुशीलचन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**सलाहकार संपादक**
डा. एम.ए.ए.खान (लखनऊ)
(आई.ए.एस. से.नि.)

**डा. ओम प्रकाश**
(आई.ए.एस. से.नि.)

स्थानीय संपादक नोएडा/एनसीआर
**समन्वय संपादक**
आशुतोष रंजन

**समन्वय संपादक/महाप्रबंधक**
अनिल तिवारी

**साहित्यक संपादक**
आर.पी. शुक्ल, आई.ए.एस(से नि.)

**आध्यात्मिक संपादक**
श्री राम महेश मिश्र

**सह संपादक**
ताहिर इकबाल
आई.ए.एस (से नि.)

**सह संपादक**
मेजर. के. किशोर

**सह संपादक**
हरीशंकर शुक्ल (पी.पी.एस. से.नि.)

**उप सम्पादक**
प्रभात वर्मा

**स्टेट क्वार्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्कमुख्यालय**

कार्यालय फोन नं. : 0522-46 43988
www.rashtriyaprastavana.com
ईमेल : noidarp@gmail.com
प्रधान कार्यालय : - एफ1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज लखनऊ,(उप्र)


# नमामि गंगे व सेना के जवानों ने मिलकर चलाया पर्यावरण साक्षरता अभियान

■ गर्मी की छुट्टियों में छात्र करें पौधों की देखभाल बनें पर्यावरण रक्षक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश की शुरुआत होने जा रही है। ऐसे में छात्रों को समय का सदुपयोग सिखाते हुए उन्हें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाने की कोशिश भी हो रहीं हैं। गुरुवार को कोनियां स्थित क्वींस कॉन्वेंट स्कूल में नमामि गंगे गंगा विचार मंच महानगर एवं 137 सीईटीएफ 39 जीआर गंगा टास्क फोर्स के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण साक्षरता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर विद्यालय के निदेशक योगेंद्र जेटली ने सेना के जवानों का स्वागत किया। जवानों का तिलक कर एवं पुष्पवर्षा करते हुए अभिनंदन किया। इस दौरान भारत माता की जय के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर गंगा टास्क फोर्स का नेतृत्व कर रहे सूबेदार देवेंद्र बसनेट ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हम सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। अगर हम घर में लगे पौधों की नियमित देखभाल करें, तो हम भी पौधरोपण अभियान का सक्रिय हिस्सा बन सकते हैं। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए सुझाव दिया कि छात्र अपने जन्मदिन अथवा माता-पिता की वैवाहिक वर्षगांठ पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण करें। जिला संयोजक शिवम अग्रहरि ने छात्रों को गंगा में निर्माल्य प्रवाहित न करने की शपथ दिलाते हुए कहा कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान प्रत्येक विद्यार्थी को एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करनी होगी। छुट्टियों की शुरुआत और समापन पर पौधे के साथ अपनी तस्वीरें प्रस्तुत करनी होंगी। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के समर्थन में प्रेरक नारे लगाए, जिससे जागरूकता का माहौल सशक्त हुआ। इस अवसर पर सूबेदार जगदीश चंद, विचार मंच के जय विश्वकर्मा, सुमन तमांग, शिखा दास, उर्मिला, सुनील कुशवाहा, भीम सिंह समेत अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# कानपुर जू में इलाज के दौरान बब्बर शेर पटौदी की मौत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कानपुर। गोरखपुर के शहीद अशफाक उल्ला खां चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू की आशंका के बाद बीमार हुए 15 वर्षीय बब्बर शेर पटौदी को इलाज के लिए कानपुर चिड़ियाघर लाया गया था। इलाज के दौरान गुरुवार को उसकी अचानक मौत हो गई। यह जानकारी प्राणि उद्यान के डॉक्टर अनुराग सिंह ने दी। डॉ अनुराग सिंह ने बताया कि गोरखपुर चिड़ियाघर में बीती छह मई को मादा बाघिन शक्ति की रहस्यमयी मौत हो गयी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस की पुष्टि हुई थी। इसी बीच 15 वर्षीय बब्बर शेर पटौदी की भी तबीयत खराब हो गई थी। इसके बाद उसे उपचार के लिए कानपुर प्राणि उद्यान लाया गया था। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर चिड़ियाघर को 13 मई मंगलवार से 19 मई सोमवार तक के लिए बंद भी कर दिया गया है। पटौदी के बेहतर इलाज के लिए चिड़ियाघर प्रशासन की ओर से एक डाक्टर समेत चार लोगों की टीम बनाई गई थी। यह टीम लगातार पटौदी (बब्बर शेर) की देखरेख कर इलाज कर रही थी। डॉक्टर ने बताया कि पटौदी लीवर की समस्या से जूझ रहा था। बुधवार की शाम पटौदी ने कुछ भी खाया नहीं था। यहां तक उसने पानी भी पीना बंद कर दिया था। गुरुवार को जब उसका परीक्षण किया गया तो उसके शरीर में कोई हरकत नहीं हुई। जांच के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अपराध पर सख्त नियंत्रण हेतु नई पहल, ग्राम सुरक्षा समिति का पुनर्गठन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश पुलिस की ''जीरो टार्लेंस नीति'' के तहत अपराध व असामाजिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए जनपद फिरोजाबाद में ग्राम स्तर पर एक सशक्त सुरक्षा ढांचे की स्थापना की गई । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा इस क्रम में ''ग्राम सुरक्षा समिति'' का पुनर्गठन किया गया है, जो ग्रामीण सुरक्षा को आधुनिक व संगठित स्वरूप प्रदान करेगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा असामाजिक गतिविधियों पर लगाम लगाने हेतु जनपद में कुल 1153 ग्राम सुरक्षा समितियों का गठन किया गया है। जिसमें शहरी क्षेत्र में 563 समितियाँ व देहात क्षेत्र में 600 समितियाँ है। यह समिति पहले से कार्यरत ग्राम सुरक्षा समितियों का एक उन्नत व क्रियाशील रूप है, जो न सिर्फ सूचना तंत्र को मजबूत करेगी बल्कि गांव के आम नागरिकों को पुलिस के साथ सुरक्षा व्यवस्था में भागीदार बनाएगी। जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में ग्राम सुरक्षा समितियों के साथ संवाद स्थापित कर और उन्हें प्रशिक्षित कर यह सुनिश्चित करगे कि ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्य अपने कर्तव्यों को पूरी सजगता से निभाएं। गांव के लोगों को रात्रि गश्त में पुलिस का सहयोगी बनाना, जिससे क्षेत्र में होने वाली घटनाओं पर तत्काल कार्यवाही की जा सके। समिति की रात्रिकालीन सक्रियता (रात्रि 11:00 बजे से प्रातः 3:00 बजे तक) के दौरान पुलिस के साथ सामंजस्य बनाकर गश्त करना। स्थानीय लोगों की मदद से अपराध और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना। गांव में CCTV कैमरों की स्थापना हेतु सहयोग एवं जन-जागरूकता पैदा करना। गांव में पुलिस की सीधी पहुंच कनेक्टिविटी व संपर्क प्रणाली को मजबूत करना। सुरक्षा की भावना और जनभागीदारी का विकास करना ताकि लोग पुलिस पर भरोसा करें और खुलकर सहयोग करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि, अफवाह या आपराधिक सूचना की तत्काल जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को देना।

# हाईकोर्ट ने एल आई सी चेयरमैन से मांगा हलफनामा

■ पूछा, निगम के अधिकारी व अधिवक्ता कैसे कर रहे गैरजिम्मेदाराना व्यवहार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भारतीय जीवन बीमा निगम के चेयरमैन से व्यक्तिगत हलफनामा मांगा है। पूछा है कि उनके अधिकारी व अधिवक्ता का ऐसा रवैया क्यों है। निगम के अधिकारी राम बाबू सिंह ने हलफनामा दाखिल किया जिसमें किस पद पर कार्यरत हैं, का उल्लेख नहीं किया। जो कि बाध्यकारी है। जब पूछा गया कि पद नाम क्यों नहीं लिखा तो निगम के अधिवक्ता ने कहा कि हर पृष्ठ पर हस्ताक्षर के साथ पदनाम की मुहर लगी है, जो हलफनामे का हिस्सा है। उसे स्वीकार किया जाय। इतना ही नहीं पूरक हलफनामे में एक निर्णय संलग्न करने का उल्लेख है, किन्तु ढूंढने पर भी वह निर्णय हलफनामे में कहीं नहीं मिला। लगता है बिना देखे हलफनामा दाखिल कर दिया गया है, जो निंदनीय है। कोर्ट ने चेयरमैन को 21 मई अगली सुनवाई तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने भारतीय जीवन बीमा निगम की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका में स्थाई लोक अदालत के आदेश की वैधता को चुनौती दी गई है। जिसने विपक्षी मेघश्याम शर्मा के पक्ष में 74508 रूपये सात फीसदी ब्याज सहित भुगतान करने का आदेश दिया है और वाद खर्च के रूप में पांच हजार रुपए देने का निर्देश दिया है। विपक्षी ने पांच बीमा लिया।जिसकी किश्तों का भुगतान तीन साल किया गया। उसके बाद नहीं किया गया।बाद में विपक्षी ने जमा राशि वापस मांगी तो निगम ने इंकार कर दिया।तो लोक अदालत की शरण ली गई और हाईकोर्ट में कैजुअल तरीके से हलफनामा दायर किया गया।

# प्रयागराज के 8 गरीब दिव्यांग बच्चों को दिया जा चुका है काका इम्पलांट सर्जरी योजना का लाभ

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में शुरू हुई काका इम्पलांट सर्जरी योजना के तहत प्रयागराज जनपद में वित्तीय वर्ष 2024–25 में 8 गरीब दिव्यांग बच्चों को लाभ दिया जा चुका है। यह जानकारी गुरूवार को दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग प्रयागराज अशोक कुमार गौतम ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद इस योजना को शुरू किया गया। इस योजना के तहत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले ऐसे दिव्यांग बच्चों का चयन किया जाता है ?जो मूकबधिर होते है और उनकी उम्र पांच वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। योजना शुरू होने के बाद दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा प्रयागराज में संचालित आगनबड़ी केन्द्रों के माध्यम से सर्वे कराया गया और ऐसे 8 बच्चों को खोजा गया। जिन्हें अनुभवी चिकित्सकों से जांच कराने के बाद प्रयागराज शहर में संचालित ओझा नर्सिंग होम में सभी बच्चों की सर्जरी करायी गई। जिसके बाद उन सभी बच्चों को स्पीच थिरेपी भी दी गई। जिससे 8 बच्चें अब बोलने लगे। उनके माता पिता अब बच्चों की आवाज सुनने लगे। प्रयागराज में काका इम्पलांट के लिए दो अस्पतालों का चयन किया गया है। जिसमें से एक मोतीलाल नेहरू ?मेडिकल कालेज से सम्बद्ध स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय और दूसरा टैगोर टाउन में स्थित निजी चिकित्सालय ओझा नर्सिंग होम है। पहली बार इस योजना का लाभ दिलाने के लिए ओझा नर्सिंग होम के चिकित्सकों ने सफल प्रयास किया।

जाने कैसे मिलेगा लाभः अशोक कुमार गोतम ने बताया कि इस योजना का लाभ पाने के लिए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग से सम्पर्क करके आवेदन कर सकते है। यह आवश्यक है कि दिव्यांग बच्चें के माता पिता की आय एक वर्ष में दो लाख से अधिक नहीं होना चाहिए। बच्चें की उम्र पांच वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।